हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 261, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 24 मार्च, 2024 दिन रविवार | गाजीपुर/वाराणसी

## 'अब नजरअंदाज करने के मूड में नहीं...', आतंकवाद पर पाकिस्तान को सख्त संदेश, जयशंकर ने सुनाई खरी-खरी

नई दिल्ली। आतंकवाद को बढ़ावा देने के मामले पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को खरी-खोटी सुनाई है और कहा है कि भारत अब आतंकवाद के मुद्दे पर बख्शने के मूड में नहीं है। विदेश मंत्री ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अब इस समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा हैं। यहां पर उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशियन स्टडीज (आईएसएएस) में अपनी लिखित पुस्तक 'व्हाई भारत मैटर्स' पर आयोजित एक व्याख्यान कार्यक्रम में हिस्सा लिया। व्याख्यान के बाद पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने पाकिस्तान पर ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा," पाकिस्तान अब उद्योग स्तर पर आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है, भारत का मूड अब आतंकवादियों को नजरअंदाज करने का नहीं है और अब इस समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा"। पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा,



"हर देश एक स्थिर पड़ोस चाहता है और कुछ नहीं तो आप कम से कम एक शांत पड़ोस तो चाहते हैं। हालांकि, दुर्भाग्य से, भारत के साथ ऐसा नहीं है।" जयशंकर ने आगे कहा, "आप ऐसे पड़ोसी से कैसे निपटेंगे, जो इस तथ्य को नहीं छिपाता है कि वह आतंकवाद को शासन के साधन के रूप में इस्तेमाल करता है। यह एक बार होने वाली घटना नहीं है, बल्कि निरंतर है, लगभग उद्योग स्तर पर। इसलिए हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि हमें खतरे को एड्रेस करने का एक तरीका ढूंढना होगा, इसे नजरअंदाज करने से कुछ नहीं होगा, बल्कि यह केवल और अधिक परेशानियां बढ़ाएगा। उन्होंने कहा "मेरे पास इस मुद्दे पर तुरंत कोई तात्कालिक समाधान नहीं है। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि भारत अब इस समस्या को नजरअंदाज नहीं करेगा। हम यह नहीं कहेंगे कि ठीक है, ऐसा हुआ, आइए अपनी बातचीत जारी रखें।" विदेश मंत्री ने समस्या पर जोर देते हुए कहा, "हमारे पास एक समस्या है और हमें उसका सामना करने के लिए पर्याप्त ईमानदार होना चाहिए, चाहे वह कितनी ही कठिन क्यों न हो। हमें दूसरे देश को यह कहकर खुली छूट नहीं देनी चाहिए कि वे इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते हैं या यह एक बहुत बड़ी समस्या है, या फिर बहुत कुछ दांव पर है, जिससे हमें इसे नजरअंदाज कर देना चाहिए।"

## बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान दो नक्सली ढेर, सुकमा में आईईडी ब्लास्ट में दो जवान घायल

बीजापुर। बीजापुर में नक्सल प्रभावित पीड़िया के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। पुलिस विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर और दंतेवाड़ा के सरहदी इलाके में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चलाया गया है। इस एंटी नक्सल ऑपरेशन में बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा के एसपी नजर बनाये हुए हैं। ऑपरेशन में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और कोबरा के जवान शामिल हैं। बीजापुर एसपी डॉक्टर जितेंद्र यादव ने कहा कि पीड़िया के जंगलो में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। वहीं दूसरी ओर एंटी नक्सल ऑपरेशन में जाते हुए बस्तर फाइटर्स के दो जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों के प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर भेज दिया गया है।

## हाईकोर्ट के फैसले के बाद सपा पर भड़के मौलाना शहाबुद्दीन, बताया मदरसों की दुर्दशा का जिम्मेदार

बरेली। इलाहाबाद हाईकोर्ट के मदरसों से संबंधित फैसले पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ये फैसला बड़ा मायूसी भरा है। मदरसों में अल्पसंख्यक समुदाय के लाखों बच्चे शिक्षा हासिल कर रहे हैं। अब उनका भविष्य अंधकार में चला जाएगा। इस फैसले के बाद जो सूरत-ए-हाल बन रहा है उससे जाहिर होता है कि मदरसों का वजूद खतरे में पड़ गया है। बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असांविधानिक करार दिया है। मौलाना ने मदरसों की दुर्दशा के लिए साफतौर पर सपा को जिम्मेदार ठहराया। मौलाना ने कहा कि आजादी से पहले 1933 से 1944 तक के दरम्यान एक भाषाई नीति बनाई गई। इसका मकसद था कि अरबी, फारसी, और संस्कृत आदि भाषाओं को तरक्की देकर आगे बढ़ाया जाए। इन भाषाओं को पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को रोजगार से जोड़ा जाएं। 2003 तक ये व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही। अरबी व फारसी भाषा को बढ़ावा देने के लिए अरबी, फारसी बोर्ड के नाम से व्यवस्था कायम रही। दूसरी तरफ संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए संस्कृत बोर्ड भी काम करता रहा। 2004 में समाजवादी पार्टी की सरकार ने एक नया एक्ट बनाया, जिसका नाम मदरसा एजुकेशन एक्ट रखा गया।

## भारतीय नौसेना की अरब सागर में बड़ी कार्रवाई, समुद्री डकैती रोधी अभियानों में 100 से अधिक लोग बचाए गए



नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने अरब सागर में विभिन्न समुद्री डकैती विरोधी अभियानों में 100 से अधिक लोगों को बचाया है। शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में भारतीय नौसेना ने कहा कि 'ऑपरेशन संकल्प' और अन्य मिशनों सहित अरब सागर में समुद्री डकैती विरोधी अभियानों में 100 से अधिक लोगों को बचाया गया, जिनमें 27 पाकिस्तान के और 30 ईरानी नागरिक शामिल हैं। नौसेना ने कहा कि ऑपरेशन संकल्प और अन्य अभियानों के दौरान 110 लोगों की जान बचाने के लिए 13 हमले की घटनाओं का भी जवाब दिया गया, जिनमें 45 भारतीय और 65 अंतरराष्ट्रीय नागरिक शामिल थे। अरब सागर में क्षमताओं को बढ़ाते हुए भारतीय नौसेना ने क्षेत्र में किसी भी समुद्री डकैती या ड्रोन हमलों को विफल करने के लिए अन्य निगरानी विमानों के साथ 10 युद्धपोत तैनात किए हैं। नौसेना के अधिकारियों ने कहा, "हमने भारतीयों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए अरब सागर और आसपास के क्षेत्रों में समुद्री डकैती रोधी और ड्रोन रोधी अभियान चलाने के लिए पी-8आई निगरानी विमान, सी गार्डियन ड्रोन और बड़ी संख्या में कर्मियों के साथ 10 युद्धपोत तैनात किए हैं।" इसके अतिरिक्त, समुद्री डाकुओं के खिलाफ विशेष अभियानों के लिए अरब सागर में समुद्री कमांडो और उनके उपकरणों को उतारने वाले भारतीय वायु सेना के सी-17 परिवहन विमान चालक दल भी भारतीय कार्रवाई पर नौसेना प्रमुख की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे। भारतीय नौसेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस शनिवार को अरब सागर में अपने उच्च जोखिम वाले समुद्री डकैती रोधी अभियान के समापन के बाद हुई है। इससे पहले आज, भारतीय नौसेना द्वारा पकड़े गए लगभग 35 सोमाली समुद्री लुटेरों को सीमा शुल्क और आव्रजन की औपचारिकताओं के बाद मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई के दृश्यों में समुद्री लुटेरों को एक कतार में खड़े दिखाया गया, क्योंकि मुंबई पुलिस ने उन्हें चेस्ट नंबर दिए थे। भारतीय नौसेना की विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस ऑपरेशन में एक नौसेना विध्वंसक, एक गश्ती जहाज, एक भारतीय वायु सेना सी-17 ट्रांसपोर्टर, समुद्री कमांडो को हवाई मार्ग से गिराने के लिए 1,500 मील से अधिक दूरी तक उड़ान भर रहा था।

## 'केजरीवाल लोहे की तरह मजबूत, जिंदगी का हर पल देश को समर्पित', पत्नी सुनीता ने पढ़ा सीएम का संदेश

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने अरविंद केजरीवाल का जेल से भेजा संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल लोहे की तरह मजबूत हैं। आपका भाई, आपका बेटा लोहे की तरह मजबूत है। उनकी जिंदगी का हर पल देश को समर्पित है। उन्होंने कहा कि वह जल्द बाहर आएंगे। समाज सेवा का काम रुकना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि वादे जल्द पूरे करूंगा।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक वीडियो स्टेटमेंट जारी करते हुए कहा, 'आपके बेटे और आपके भाई अरविंद केजरीवाल ने जेल से आपके लिए एक संदेश भेजा है। उन्होंने कहा है, मेरे प्यारे देशवासियों मुझे (अरविंद केजरीवाल) कल गिरफ़्तार कर लिया गया, मैं अंदर रहूं या बाहर हर पल देश की सेवा करता रहूंगा। मेरी जिंदगी का हर पल देश के लिए समर्पित है। मेरा जीवन संघर्ष का रहा है इसलिए यह गिरफ्तारी मुझे अचंभित नहीं करती। हमें भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनाना है।



भारत के अंदर और बाहर कई शक्तियां हैं जो भारत को कमजोर कर रही हैं। हमें इन शक्तियों को हराना है। मैं जल्द बाहर आऊंगा और अपना वादा पूरा करूंगा।' दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने जेल से भेजा सीएम का संदेश पढ़ते हुए कहा, 'मैं आम आदमी पार्टी (आप) के सभी कार्यकर्ताओं से भी अपील करता हूं कि मेरे जेल जाने से समाज कल्याण और जन कल्याण का काम नहीं रुकना चाहिए। इससे भाजपा वालों से नफरत मत करो। वे हमारे भाई-बहन हैं. मैं जल्द वापस आऊंगा।' सुनीता केजरीवाल ने सीएम का संदेश पढ़ते हुए कहा, 'भारत के भीतर और बाहर कई ताकतें हैं जो देश को कमजोर कर रही हैं। हमें सतर्क रहना होगा, इन ताकतों को पहचानना होगा और उन्हें हराना होगा। दिल्ली में महिलाएं सोच रही होंगी कि केजरीवाल सलाखों के पीछे हैं। क्या पता अगर उन्हें 1000 रुपये मिलेंगे। मैं उनसे अपील करता हूं कि वे अपने भाई, अपने बेटे पर भरोसा करें। ऐसी कोई जेल नहीं है जो उसे लंबे समय तक सलाखों के पीछे रख सके। मैं जल्द ही बाहर आऊंगा और अपना वादा निभाऊंगा।'

## इस बार सियाचिन ग्लेशियर में खास होगी होली खुद जवानों के पास जाएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। सियाचिन में इसबार होली का त्योहार बहुत खास होने वाला है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सियाचिन जाएंगे और वहां तैनात सुरक्षा बलों के जवान से मुलाकात करेंगे। राजनाथ उनके साथ रंगो का त्योहार होली भी मनाएंगे। इससे पहले 2019 में रक्षा मंत्री का पदभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह ने सियाचिन का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कई अधिकारियों के साथ ही फील्ड कमांडरों और जवानों से भी मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ तत्कालीन सेना प्रमुख बिपिन रावत भी मौजूद थे। सियाचिन दौरे के दौरान राजनाथ सिंह ने बताया था कि यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां दिन में भी तापमान 40 डिग्री कम होता है। यहां का मौसम कब मौत में बदल जाए कोई नहीं जानता। सियाचिन में देश की सबसे ऊंची सरहद है और हिमालय की गोद में मौजूद सियाचिन दुनिया का सबसे ऊंचा और सबसे खतरनाक जंग का मैदान है। इसके एक ओर पाकिस्तान है तो दूसरी तरफ चालबाज चीन है। भाजपा के केंद्र में आने के बाद से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा 2017 में निर्मला सीतारमण और 2017 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सियाचिन का दौरा किया था। बता दें कि सियाचिन ग्लेशियर दुनिया का सबसे ऊंचा सैन्य क्षेत्र है। यह हिमालय के पूर्वी काराकोरम पर्वत श्रृंखला में स्थित है, जहां भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा समाप्त होती है। उंचाई



पर होने के कारण यहां तैनात जवानों को आम दिनों में भी तेज बर्फिली हवाओं का सामना करना पड़ता है। यहां का तापमान शून्य से 60 डिग्री सेल्सियस नीचे तक चला जाता है, और भूस्खलन और हिमस्खलन आम बात हो जाती है। 1984 में सियाचिन ग्लेशियर पर पाकिस्तानी सेना को हरा कर चोटी पर कब्जा करने के लिए ऑपरेशन मेघदूत लॉन्च किया गया था। यहां तब से ही भारतीय सेना का नियंत्रण है।

## 'सम्मानित महसूस कर रहा हूं', हवाई अड्डे तक छोड़ने आए भूटान के राजा तो पीएम मोदी ने जताया आभार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान का दो दिन दौरा करने के बाद दिल्ली वापस लौट आए हैं। उन्होंने भारत आने के बाद भूटान यात्रा से जुड़ी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। साथ ही पीएम ने हवाई अड्डे तक छोड़ने आए राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का आभार जताया। गौरतलब है, भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ-साथ प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे पीएम मोदी को हवाई अड्डे तक छोड़ने आए थे। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'दिल्ली के लिए रवाना होते समय हवाई अड्डे पर भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे मुझे छोड़ने आए। मुझे बहुत सम्मानि महसूस हुआ।' भूटान की यात्रा को खास बताते हुए पीएम ने कहा, 'भूटान की यह यात्रा काफी खास रही। मुझे राजा, प्रधानमंत्री तोबगे और भूटान की जनता से मिलने का



अवसर मिला। हमारी बातचीत भारत-भूटान मित्रता को और मजबूती देगी। मैं ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित होने के लिए भी आभारी हूं।' उन्होंने आगे कहा कि वह भूटान की जनता का गर्मजोशी और आतिथ्य सत्कार के लिए बहुत आभारी हैं। भूटान के लिए भारत हमेशा एक विश्वसनीय दोस्त और साझेदार रहेगा। इससे पहले पीएम मोदी ने थिम्फू में ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। बता दें, अस्पताल को भारत सरकार की मदद से बनाया गया है। इसके उद्घाटन पर पीएम मोदी ने कहा, 'ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मदर एंड चाइल्ड अस्पताल का उद्घाटन किया, जो कई परिवारों के लिए एक आशा की किरण के रूप में है। यह अस्पताल एक स्वस्थ भविष्य की पीढ़ी को पोषित करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।'

## मॉस्को में हुए आतंकी हमले में अब तक 93 लोगों की मौत, हिरासत में 11 आरोपी



मॉस्को। मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट में हुए हमले के बाद 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें सीधे तौर पर चार लोग शामिल हैं। विधायक अलेक्जेंडर खिनशेटिन ने शनिवार को टेलीग्राम पर इसकी सूचना दी। खिनशेटिन ने बताया कि दो आरोपियों को रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में कार का पीछा करने के बाद गिरफ्तार किया गया। वहीं, अन्य संदिग्ध पैदल ही पास के जंगल में भाग गए। इस्लामिक स्टेट खुरासन के आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 93 हो गई है। वहीं, 145 लोग घायल हुए है। हमले की जगह के वीडियो फुटेज में क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट स्थल में आग लगी हुई दिखाई दे रही है, जिससे हवा में घना, काला धुंआ भर गया है। इसमें विशाल हॉल में गोलियों की आवाज के बीच डरे हुए स्थानीय लोगों को चिल्लाते और दुबकते हुए भी दिखाया गया है। राज्य संचालित आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि सशस्त्र व्यक्तियों ने गोलीबारी की और एक ग्रेनेड या आग लगाने वाला बम फेंका, जिससे आग लग गई।

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर संजय राउत ने भाजपा को घेरा, कहा- इस देश में कोई सुरक्षित नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी पर केंद्र सरकार को घेरा है। संजय राउत ने सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में कोई भी सुरक्षित नहीं है, यहां कभी भी किसी की भी गिरफ्तारी हो सकती है। मीडिया से बात करते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, भाजपा के लिए यह चुनाव कठिन होने वाला है। इसलिए उन्होंने लोगों को चोट पहुंचाना जारी रखा है। आज इस देश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। यहां किसी की भी गिरफ्तारी हो सकती है। भारत में जो पैटर्न चल रहा है, वही रूस और चीन में भी है। लोगों ने अरविंद केजरीवाल को अपना मुख्यमंत्री चुना है, इसलिए उनकी किस्मत का फैसला भी जनता ही करेगी। लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्र पर निशाना साधा है। उन्होंने इस गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध बताया है। मीडिया से बात करते हुए प्रियंका



चतुर्वेदी ने कहा, "जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को जेल में डाला गया है उससे यह साफ होता है कि राजनीतिक प्रतिशोध के तहत किया गया है। कहीं भी अब तक ईडी की ओर से कोई तथ्य नहीं दिखाए गए जिससे कि साबित हो पाए यह कार्रवाई किस आधार पर हो रही है, कोई सबूत नहीं दिए गए हैं। यह नहीं भूलना चाहिए कि अरविंद केजरीवाल भारी बहुमत से जनता का विश्वास जीतकर आए हैं और वे अपना काम करने के कारण ही जीत कर आए हैं।" प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दिल्ली शराब नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। इसी कड़ी में ईडी की टीम गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निवास पर पहुंची और उनसे इस मामले में पूछताछ की। इस पूछताछ के बाद रात में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि कोरोना काल के बीच दिल्ली सरकार ने दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 लागू की थी। इस शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितता की शिकायतें आईं, जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। ईडी ने अपनी चार्जशीट में कई बार अरविंद केजरीवाल के नाम का जिक्र किया है। अदालत में दायर आरोप पत्र में ईडी ने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 आप के शीर्ष नेताओं द्वारा बनाई गई थी, ताकि लगातार अवैध धन कमा कर और उसे अपने पास लाया जा सके। ईडी ने दावा किया कि यह नीति अवैध और आपराधिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए जानबूझकर कमियों के साथ बनाई गई थी। एजेंसी ने आरोप पत्र में आरोपियों के साथ सीएम के घर पर बैठक से लेकर वीडियो कॉल तक की घटनाओं का उल्लेख किया है।

## सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह धनवर्षा हुई है। 15 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.49 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सबसे उच्च स्तर है। सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 6.396 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि एक सप्ताह पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 636.095 अरब डॉलर हो गया था। कुल मिलाकर देखें तो बीते दो हफ्तों में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 16.86 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट्स यानी विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 6.034 अरब डॉलर बढ़कर 568.386 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। फॉरेन करेंसी एसेट्स को विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माना जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी भी दी कि 15 मार्च को समाप्त सप्ताह के



दौरान भारत के गोल्ड रिजर्व की कीमत 42.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.14 अरब डॉलर हो गई है। रिजर्व बैंक ने बताया कि इस दौरान एसडीआर में भी बढ़ोतरी देखने को मिली, जो कि 6.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.276 अरब डॉलर हो गया है। उधर अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित जमा (फॉरेक्स रिजर्व) 12.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.689 अरब डॉलर हो गया है।

## संपादकीय

### स्वतंत्र जांच जरूरी

लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव व आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला नया नहीं है। खासकर चुनावी वेला में तो यह स्थिति चरम पर होती है। लेकिन इस टकराव का प्रभाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के स्वाभाविक प्रभाव को बाधित करने वाला नहीं होनी चाहिए। युद्ध की तरह से राजनीति के भी अपने नियम होते हैं और मुकाबले के लिये बराबर का अवसर भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। साथ ही यह जरूरी है कि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध को दूर करने के लिये संवाद की प्रक्रिया भी निरंतर चलती रहनी चाहिए, ताकि अनावश्यक गतिरोध को टाला जा सके। बीते गुरुवार को देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में आरोप लगाए गए कि खाते फ्रीज करके पार्टी को आर्थिक रूप से पंगु बनाने की कोशिश सत्ता पक्ष की ओर से की जा रही है। यूं तो कांग्रेस पिछले पांच वर्षों में लगातार सत्ता पक्ष की रीतियों-नीतियों पर हमलावर रही है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस द्वारा लगाए आरोपों की गंभीरता पर भी विचार किया जाना चाहिए। वैसे भी किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावी प्रक्रिया को सुचारू और विश्वसनीय बनाने के लिये विपक्षी दलों को मुकाबले का बराबर अवसर तो मिलना ही चाहिए। निश्चित रूप से इससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता व प्रामाणिकता को संबल मिलता है। कांग्रेस का आरोप है कि मुख्य विपक्षी पार्टी को आयकर विभाग की कार्रवाई से वित्तीय संकट की ओर धकेला जा रहा है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी की मुद्दे को लेकर गंभीरता इस बात से भी उजागर होती है कि हाल-फिलहाल यह पहला अवसर है कि पार्टी के तीन शीर्ष नेता कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजर आए। विशेष तौर पर ऐसी स्थिति में जब देश में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है कांग्रेस के आक्षेप को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। निश्चित रूप से किसी भी लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि सत्ता पक्ष विपक्षी राजनीतिक दलों को बराबर का मौका उपलब्ध कराये, जिससे चुनावी मुकाबला न्यायसंगत बना रह सके। यदि मुख्य विपक्षी दल यह आरोप लगाए कि ऐन चुनाव के वक्त पार्टी के खाते फ्रीज करके उसके चुनाव लड़ने और प्रचार करने में बाधा उत्पन्न हुई तो यह स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिये अच्छा नहीं है। निश्चित रूप से कांग्रेस के आरोपों की स्वतंत्र जांच की जानी चाहिए। पार्टी का कहना है कि खाते फ्रीज होने से पार्टी के समक्ष उत्पन्न आर्थिक तंगी से पार्टी न विज्ञापन दे सकती है और न ही अपने नेताओं के लिये हवाई टिकट बुक करा पा रही है। उसका यह भी कहना है कि उसे रैली आयोजित करवाने में परेशानी हो रही है। हालांकि, कांग्रेस के आरोपों से इतर सरकार व आयकर विभाग के अधिकारियों की अपनी दलीलें हैं। उल्लेखनीय है कि गत 13 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट ने आईटीएटी के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें सौ करोड़ से अधिक के बकाया कर की वसूली के लिये कांग्रेस पार्टी को आयकर विभाग से जारी नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने पार्टी को तब नये स्थगन आवेदन के साथ आईटीएटी का रुख करने की स्वतंत्रता दी थी। ऐसे में इस मुद्दे पर अंतिम राय बनाने से पहले सभी पक्षों के तर्कों पर विचार भी जरूरी है। सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता ने इन आरोपों को पार्टी की हताशा का परिणाम बताया है। यह भी कि कांग्रेस के आरोपों से भारतीय लोकतंत्र की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। लेकिन इसके बावजूद यह तथ्य निर्विवाद है कि किसी भी लोकतंत्र में स्वतंत्र चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले कारकों को अनुचित ही कहा जाएगा। इससे चुनावों की पारदर्शिता व विश्वसनीयता पर आंच आ सकती है। विपक्षी दलों के इन आरोपों को भी बल नहीं मिलना चाहिए कि सरकार विपक्ष को दबाने के लिये सरकारी एजेंसियों व विभागों का इस्तेमाल कर रही है। निश्चित रूप से ऐसे आरोपों से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को लेकर अच्छा संदेश नहीं जाएगा।

### आप की सरकार!



जेल से ही चलने वाली ।
आप की सरकार ।।
ना हटेंगे पीछे ।
हैं बैठे तैयार ।।
आ गया संदेश ।
पढ़ पढ़ के बताना ।।
है हमारी मर्जी ।
मारो लाख ताना ।।
हुआ जो भी खेल ।
तय उसका है फल ।।
है पकड़ मजबूत ।
निकाल लेंगे हल ।।
पर समस्या आई ।
है मचा बवाल ।।
है उठा तूफान ।
लेकर के सवाल ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# अफगान-पाक टकराव के निहितार्थ

**पुष्परंजन**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने धमकाया है कि यदि काबुल किसी तरह की सैन्य कार्रवाई करता है, तो हम उस कॉरीडोर को बंद कर देंगे, जिसके बजरिये भारत, अफगानिस्तान से व्यापार करता है। इंडिया से अफगानिस्तान तक माल पहुंचाने का एक रूट चाबहार पोर्ट है, जो पाकिस्तान की सरहद को नहीं छूता। जब तक ईरान से अफगानिस्तान के बेहतर रिश्ते हैं, यह मार्ग महफूज है। इस मार्ग को चाबहार-हाजीगाक कॉरीडोर कहते हैं। दूसरा, हवाई मार्ग है, जो 2016 से काबुल और कंधहार को भारत से जोड़ता रहा है। तो क्या पाकिस्तान इस तरह का बयान देकर भारत को इन्वॉल्व करना चाहता है?

16 मार्च 2024 को उत्तरी वजीरिस्तान में एक पाकिस्तानी चौकी पर आत्मघाती हमले में दो अधिकारियों समेत सात सैनिकों की जान चली गई। इसकी जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के ह्यबहादुर समूहह्य ने ली थी। जवाब में पाकिस्तान ने 18 मार्च 2024 को अफगानिस्तान के अंदर ह्यबहादुर समूहह्य के ठिकानों को निशाना बनाया। इस सर्जिकल स्ट्राइक ने काबुल-इस्लामबाद के संबंधों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है। इससे क्षेत्रीय अस्थिरता की आशंका बढ़ गई है। लोगों को इसका डर है कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच फुल स्केल वॉर न छिड़ जाए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ-साथ, बहादुर समूह से जुड़े आतंकवादियों ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर कई हाई-प्रोफाइल हमले किये थे, जिनमें दा गज्यानो कारवां, दा सुफियानो कारवां और जैश फुरसान मुहम्मद शामिल हैं। समूह की पहुंच उत्तरी वजीरिस्तान से आगे तक फैली हुई है, जो बन्नू, लक्की मारवात, डेरा इस्माइल खान और टैंक जैसे निकटवर्ती जिलों में सुरक्षा बलों के लिए संवेदनशील है। इससे पहले, 5 फरवरी 2024 को खैबर पख़्तूनख्वा (केपी) के डेरा इस्माइल खान के छोड़वान पुलिस स्टेशन पर एक हमले में पाक सुरक्षाबलों के 10 लोग मारे गये थे। 2023 से अब तक के आतंकी हमले में 991 लोग मारे जा चुके हैं। अलग-अलग घटनाओं को जोड़ दें, तो घायलों की संख्या 1500 पार है। इसमें 16 मार्च 2024 को उत्तरी वजीरिस्तान में आत्मघाती बम विस्फोट, 26 नवंबर 2023 को बन्नू के बकाकेहल क्षेत्र में आत्मघाती बम विस्फोट और 31 अगस्त 2023 को बन्नू के जानी खेल क्षेत्र में एक सैन्य काफिले पर आत्मघाती हमला भी शामिल है।



फिलहाल पैदा तनाव की वजह हाफिज गुल बहादुर ही है। वह अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान में उस्मानजई वजीर जनजाति के माडा खेल कबीले से आता है। हाफिज गुल बहादुर के पूर्वज 1930 और 1940 के दशक में ब्रिटिश कब्जे के खिलाफ प्रतिरोध के लिए जाने जाने जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाफिज गुल बहादुर जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) की छात्र शाखा से जुड़े थे। 2001 के अंत में अफगानिस्तान में अमेरिका के नेतृत्व वाले हस्तक्षेप के बाद, ये आतंकवादी सीमा पार उत्तरी वजीरिस्तान सहित पाकिस्तान के कबिलाई इलाकों में भूमिगत हो गए। यही लोग कालांतर में पाकिस्तान के लिए सिरदर्द साबित हुए। राष्ट्रपति मुशर्रफ पर हत्या के दो प्रयासों और अमेरिका के बढ़ते दबाव के बाद, पाकिस्तान ने 2004 में इस क्षेत्र में अभियान शुरू किया। 2004 में स्थानीय तालिबान नेता, नेक मुहम्मद की हत्या के बाद ऑपरेशन का विस्तार हुआ। हालांकि, 2006 के मध्य तक, हाफिज गुल बहादुर ने अपना रुख बदल दिया और सरकार के साथ शांति समझौता कर लिया। बहादुर की पाकिस्तान से दोस्ती से कुछ विदेशी आतंकवादी नाराज हो गए, जैसे कि इस्लामिक मूवमेंट ऑफ उज्बेकिस्तान (आईएमयू) के आतंकवादी, जिन्होंने उन पर पाकिस्तान का पक्ष लेने का आरोप लगाया। इस बीच, हाफिज गुल बहादुर ने उस इलाके में वर्चस्व के लिए कर वसूली और सजा के मकसद से एक शूरा परिषद की स्थापना की। हालांकि, पाक सरकार से समझौते के बावजूद गुल बहादुर के अफगान तालिबान के साथ संबंध नहीं टूटे। अल कायदा ने दिसंबर 2007 में टीटीपी के बैनर तले विभिन्न पाकिस्तानी तालिबान समूहों को एकजुट करने की मांग की, मगर बहादुर का गुट बाहर ही रहा। अपनी अलग पहचान बनाए रखने के बावजूद, बहादुर समूह को हक्कानी नेटवर्क, अल कायदा और यहां तक कि टीटीपी जैसे प्रभावशाली गुटों के साथ अपने संबंधों से लाभ मिलता रहता है। बहादुर समूह और पाक सरकार के बीच 2006 में हुआ शांति समझौता, मई 2014 के अंत में समाप्त हो गया, इससे ठीक पहले कि पाकिस्तान ने उत्तरी वजीरिस्तान में एक बड़ा सैन्य आक्रमण, ऑपरेशन जर्ब-ए-अजब शुरू किया। हाफिज गुल बहादुर ने सरकार पर समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

विश्लेषकों का मानना है कि बहादुर के रिश्तेदारों की हत्या ने सरकार से उनकी बढ़ती दुश्मनी में और योगदान दिया। सैन्य अभियान ने बहादुर और उसके लेफ्टिनेंटों के घरों को ध्वस्त कर दिया और उनके परिवारों को विस्थापित होने के लिए मजबूर किया। अप्रैल 2022 में, कई हवाई हमले पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा किए गए, लेकिन सरकार के स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई। अफगानिस्तान में टीटीपी और बहादुर के समूह के ठिकानों को जिस तरह निशाना बनाया गया, उसमें बच्चों सहित कई नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें से कुछ को बहादुर का करीबी बताया गया। 2021 के मध्य में 47 पाकिस्तानी तालिबान गुटों, सांप्रदायिक समूहों और यहां तक कि अल कायदा सहयोगियों के साथ विलय का दावा किया जाता है। पाक-अफगान अतिवादियों के एक्सपर्ट रिकार्डो वैले ने अपनी वेबसाइट ह्यमिलिटेंसी चैकह्य में निष्कर्ष दिया कि टीटीपी और बहादुर के समूह के बीच एकजुटता इस इलाके की शांति के लिए खतरनाक है। पाक अधिकारियों ने सफाई दी कि आतंकवादियों ने 16 मार्च 2024 को फ्रंटियर कोर शिविर पर हमला किया था। 18 मार्च का ऑपरेशन अफगानिस्तान के लोगों को लक्ष्य में लेकर नहीं किया गया था। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने वायस ऑफ अमेरिका से कहा है कि हमें एक मैसेज भेजने की जरूरत थी कि सीमा पार आतंकवाद हम बर्दाश्त नहीं करने वाले। साथ में पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी कि यदि ये माने नहीं तो भारत के साथ व्यापार के लिए अफगानिस्तान को जिस गलियारे की सुविधा हमने दी है, उसे हम अवरुद्ध कर देंगे। ख्वाजा आसिफ ने इस बात पर जोर दिया कि अगर काबुल पाकिस्तान के खिलाफ अफगान धरती पर सक्रिय आतंकवादियों पर अंकुश लगाने में विफल रहता है, तो उसे अमीरात को सहायता देना बंद करने का अधिकार है। इस पूरे मामले में चीन की चुप्पी खतरनाक है। बेशक चीन का नुकसान इस इलाके में जारी आतंकवाद से है। उसका ताजा उदाहरण है 20 मार्च को ग्वादर बंदरगाह पर हुआ अटैक, जिसे विफल करने के दौरान आठ अतिवादी मारे गये।

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से उपजते सवाल

**कमलेश पांडे**

आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाना सही है या गलत- यह प्रशासनिक और न्यायिक विमर्श का विषय है। लेकिन आम चुनाव 2024 के ठीक पहले और देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के तत्काल बाद जिस तरह से उन्हें गिरफ्तार किया गया, यह भारतीय लोकतंत्र और सियासत के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है! मेरा स्पष्ट मानना है कि इस घटनाक्रम से आप पार्टी और इंडी गठबंधन को भारी क्षति के विपरीत काफी लाभ भी हो सकता है, बशर्ते कि पूरे घटनाक्रम का प्रस्तुतीकरण जनमानस में सही तरीके से किया जाए और सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने की फितरत से हुई इस प्रशासनिक कार्रवाई के विरुद्ध हर गली-कूची के भ्रष्टाचार की फोटो और उसकी आधिकारिक अनदेखी के विरुद्ध पम्फलेट वितरण अभियान शुरू किया जाए।

वहीं, जगह जगह सक्षम माननीय न्यायालय को पत्र भेजकर उसकी प्रतिलिपि सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाए और स्थानीय मीडिया को भेजी जाए, ताकि भ्रष्टाचार विरोधी जनजागृति पैदा हो सके। वैसे तो लोकल मीडिया में ऐसे प्रकरण हमेशा प्रकाश में आते रहते हैं, लेकिन उनपर प्रशासनिक खामोशी के खिलाफ न्यायालय जाने के कम ही मामले प्रकाश में आते हैं। शायद इसलिए कि भ्रष्टाचार के हमाम में कहीं न कहीं हर कोई नँगा है।

अमूमन विपक्षी दल भी ऐसे मामलों में धरना-प्रदर्शन के अलावा ज्यादा दूरदर्शी रवैये नहीं अपनाते, जिसके चलते ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। इससे जनता अक्सर परेशान रहा करती है। इसलिए भ्रष्टाचार का पुरजोर विरोध करना जरूरी है ताकि सत्ता पक्ष के इशारे पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करने वाले भारतीय प्रशासन को चुनावों में बेनकाब करते हुए जनादेश मांगा जाए। आपको याद होगा कि अरविंद केजरीवाल और आप पार्टी का जन्म यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में चले एक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की कोख से ही हुआ है। ऐसे में आबकारी नीति घोटाले में आप मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने आपमें एक यक्ष प्रश्न है। वह यह कि भारतीय सियासत वह काजल की कोठरी है, जहां से बेदाग निकलना नामुमकिन है। क्योंकि दिल्ली के मुख्यमंत्री



अरविंद केजरीवाल के पास तो कोई विभाग भी नहीं था, फिर भी वो फंस गए।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि भ्रष्टाचार के मामले में भारतीय प्रशासन द्वारा जो पीक एंड चूज कार्रवाई की जाती है, वह भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है। चाहे न्यायपालिका हो या मीडिया, प्रशासनिक तिकड़म को समझने में प्रायः विफल प्रतीत हुए हैं! रही बात विधायिका की तो प्रशासनिक अधिकारियों को इस तरह की मनमानी करने की छूट देने के लिए सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष भी कम जिम्मेदार नहीं है। क्योंकि जिन कानूनों के आधार पर ऐसी कार्रवाईयां होती आई हैं, उसे अंतिम रूप तो आखिर संसद या विधान मंडलों में ही दी जाती है। सच कहूं तो देश में भ्रष्टाचार 'हरि अनंत, हरि कथा अनंता' की तरह सर्वव्यापी है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की समझदारी या मिलीभगत से सही को गलत और गलत को सही ठहराने के बहुतेरे उदाहरण हर किसी को उसके आसपास में ही मिल जाएंगे। बावजूद इसके भ्रष्टाचार रोकने के लिए प्रशासनिक तिकड़म जारी रहती है। उसने अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचारियों की कतार में खड़ा करके इस बात के संकेत दे दिए हैं कि 'भ्रष्टाचार' को 'शिष्टाचार' के इतर तरह तरह से परिभाषित करने का खेल न कभी चला है और न ही चलने दिया जाएगा। इसकी सूची में बलि का बकरा अक्सर राजनेता बनेंगे, जबकि उनसे जुड़े अधिकारियों की भी गिरफ्तारी साथ साथ होनी चाहिए। क्योंकि 'पवित्र पाप' यानी भ्रष्टाचार कोई भी राजनेता अकेला नहीं कर सकता, जब तक कि अधिकारियों का एक सलाहकार वर्ग या जिम्मेदार वर्ग उनसे मिला हुआ न हो।

यह ठीक है कि आप नेता अरविंद केजरीवाल को अब प्रमुख विपक्षी दलों का साथ मिल गया है, जिससे उनकी परेशानी कुछ कम होगी। लेकिन केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को इससे लेने के देने भी पड़ सकते हैं। क्योंकि अरविंद केजरीवाल का आजतक का इतिहास यही रहा है कि अपने विरुद्ध पैदा किए हुए हर मुद्दे का सियासी लाभ अंततोगत्वा उन्होंने ही उठाया है। इस बार भी वो यही करेंगे! हो सकता है कि दो राज्यों में अपनी सरकार बनाने वाली पहली विपक्षी पार्टी आप, जिसे अब राष्ट्रीय पार्टी का भी दर्जा मिल चुका है, अपने मिशन 2024 के तहत अपना देशव्यापी विस्तार कर ले और अपने सांसदों की संख्या 2 अंकों में लेते आये। यदि ऐसा होता है तो यह उसकी बड़ी उपलब्धि होगी। आपको पता होना चाहिए कि अरविंद केजरीवाल एकदम हठी राजनेता है। वो गिरफ्तार हो गए, लेकिन त्यागपत्र नहीं दिया। इससे मुख्यमंत्री रहते हुए गिरफ्तार होने वाले वो पहले राजनेता बन गए। आगे भी वो कोई बड़ा गुल अवश्य खिलाएंगे। आप नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के बाद अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से इस बात को बल मिलता है कि 'आप' नेताओं की अग्रिम पंक्ति को ईडी ने लगभग खाली कर दिया। हालांकि, उसकी दूसरी पंक्ति के नेता आपस में कितना सामंजस्य बिठाकर अगली रणनीति बनाएंगे, सारी भावी सफलता इस बात पर ही निर्भर करेगी।

# मस्ती में सरोबार होकर मनाते हैं राजस्थान में होली का त्योहार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न शहरों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। राजस्थान में होली के विविध रंग देखने में आते हैं। होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है। बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमे पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूम-धाम से मनाते हैं। हाड़ोती क्षेत्र के सांगोद कस्बे में होली के अवसर पर नए हिजड़ों को हिजड़ों की जमात में शामिल किया जाता है। इस अवसर पर बाजार का न्हाण और खाड़े का न्हाण नामक लोकोत्सवों का आयोजन होता है। खाडे के न्हाण में जम कर अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है।

भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं।

मेवाड अंचल के भीलवाड़ा जिले के बरून्दनी गांव में होली के सात दिन बाद शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं। डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जाती हैं। वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौड़गढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। इसमें लकड़ी की सीढी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं।

शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्ध है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में



मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शुरूआत तब होती है, जबकि बसन्त अपने पूर्ण यौवन पर होता है और बांसुरी की मदहोश करती धुनें और चंग की थाप पर मानव का मन-मयूर नाचने लगता है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है।

शेखावाटी अंचल के हर गांव कस्बे में रात्रि में लोग एकत्रित होकर चंग की मधुर धुन पर देर रात्रि तक धमाल गाते हुए मोहल्लों में घूमते रहते हैं। होली के अवसर पर बजाया जाने वाला चंग भी इसी क्षेत्र में ही विशेष रूप से बनाया जाता है। चंग की आवाज तो ढोलक की माफिक ही होती है, मगर बनावट ढोलक से सर्वथा भिन्न। चंग ढोलक से काफी बड़ा व गोल घेरे नुमा होता है। होली के प्रारम्भ होते ही गांवों में लोग अपने-अपने चंग (ढप) संभालने लगते हैं। होली चूंकि बसंत ॠतु का प्रमुख पर्व है तथा बसंत पंचमी बसंत ॠतु प्रारम्भ होने की द्योतक है। इसलिए इस अंचल में बसंत पंचमी के दिन से चंग (ढप) बजाकर होली के पर्व की विधिवत शुरूआत कर दी जाती है।

शेखावाटी अंचल में होली एक सुप्रसिद्ध लोक पर्व है तथा इस पर्व को क्षेत्र में पूरे देश से अलग ही ढंग से मनाया जाता है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शेखावाटी क्षेत्र में बसंत पंचमी के दिन से शुरूआत कर दी जाती है। क्षेत्र में होली के पर्व पर चंग की धुन पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है। इन धमालों के माध्यम से जहां प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं को अपने प्रेम का संदेशा पहुंचाते हैं वहाँ श्रद्धालु धमालों के माध्यम से लोक देवताओं को याद कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। धमाल के साथ ही रात्रि में नवयुवक विभिन्न प्रकार के स्वांग भी निकाल कर लोगों का भरपूर मनोरंजन करते हैं। गांवों में स्त्रियां रात्रि में चौक में एकत्रित होकर मंगल गीत, बधावे गाती हैं। होली के दिनों में आधी रात तक गांवों में उल्लास छाया रहता है।

राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में हर मोहल्ले में अपनी चंग पार्टी होती है। चंग शेखावाटी क्षेत्र का प्रसिद्ध नृत्य है। इसमें प्रत्येक पुरुष चंग बजाते हुये नृत्य करते हैं। यह मुख्यतः होली के दिनों में किया जाता है। चंग को प्रत्येक पुरुष अपने एक हाथ से थाम कर और दूसरे हाथ से कटरवे का ठेका बजाते हुए वृत्ताकार घेरे में नृत्य करते हैं। घेरे के मध्य में एकत्रित होकर धमाल और होली के गीत गाते हैं। होली के एक पखवाडे पहले गींदड शुरू हो जाता है। जगह- जगह भांग घुटती है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं। जबकि, शेखावाटी में ढूंढ का चलन अभी है। परिवार में बच्चे के जन्म होने पर उसका ननिहाल पक्ष और बुआ कपडे और खिलौने होली पर बच्चे को देते हैं। शेखावाटी अंचल में होली पर कस्वों में विशेष रूप से गींदड़ नृत्य किया जाता है। गुजराती नृत्य गरवा से मिलता-जुलता गींदड़ नृत्य में काफी लोग विभिन्न प्रकार की चिताकर्षक वेशभूषा में नंगाड़े की आवाज पर एक गोल घेरे में हाथ में डंडे लिए घूमते हुए नाचते हैं तथा आपस में डंडे टकराते हैं। प्रारम्भ में धीरे-धीरे शुरू हुआ यह नृत्य धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ता जाता है। इसी रफ्तार में डंडों की आवाज भी टकरा कर काफी तेज गति से आती है तथा नृत्य व आवाज का एक अद्भुत दृश्य उत्पन्न हो जाता है जिसे देखने वाला हर दर्शक रोमांचित हुए बिना नहीं रह पाता है। होली के अवसर पर चलने वाले इन कार्यक्रमों से यहाँ का हर एक व्यक्ति स्वयं में एक नई स्फूर्ति का संचार महसूस करता है।

# मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना







प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने रायफल क्लब सभागार गाजीपुर में महिला पी0जी0 कालेज, एम0एच0 स्कूल, स्नाकोत्तर महाविद्यलाय एवं विभिन्न विद्यालयो एवं स्काउट गाईट के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाताओं को मतदान करने हेतु हरी झण्डी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया जो कचहरी से प्रस्थान कर नेहरू स्टेडियम जाकर समाप्त हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्राओं एवं निर्वाचन के अधिकारियो को मतदाता की शपथ दिलाई गयी। उन्होनें कहा कि मतदाता बनना अपने आप मे एक गर्व की बात है इसलिए अपने कर्तव्य का पालन करते हुए 1 जून, 2024 को मतदान जरूर करे और आस पास के अपने लोगो एवं दूसरे व्यक्ति को भी प्रेरित करे, क्योकि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओ का वोट करना जरूरी है। उन्होंने सभी विद्यालयो के प्रधानाध्यापाको एवं समस्त विकास खण्डो के ग्राम पंचायतो एवं समाज सेवी संस्थाओ से अपील किया कि नाटक नुक्कड़ के माध्यम से लोगो को जागरूक करे की कोई भी व्यक्ति जिसका अधिकार को वो छूट न पाये। उन्होने लोकतंत्र के महत्व के बारे मे बताते हुए मतदान करने के लिए जागरुक करें। उन्होने बताया कि मतदान के दिन मतदाताओं को कोई दिक्कत नहीं हो, इसके लिए तमाम तरह के उपाय किये जा रहे हैं। दिव्यांगों और वृद्ध मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। दिव्यांगों तथा वृद्ध जनों के लिए वोट डालते समय व्हील चेयर का इंतजाम किया जाएगा। रैली के दौरान छात्र/छात्राओ द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित गगन भेदी नारे लगाये जा रहे थे। छात्राओ द्वारा जैसे चाहे नर हो या नारी मतदान है सबकी जिम्मेदारी, लोकतंत्र हो तभी महान सब करें जहां मतदान, बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, जागरूक देश की है पहचान हो शत प्रतिशत मतदान, करें राष्ट्र का जो उत्थान करें उसी को हम मतदान, के नारे लगाती रही।

## होलिका दहन के दिन संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की रहेगी विशेष नजर

नगरा, बलिया। होलिकादहन व होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर नगरा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक में क्षेत्राधिकारी रसडा फहीम कुरैशी ने कहा कि होलिकादहन के दिन संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। नगरा थाना क्षेत्र के खरुआंव व ढेंकवारी अति संवेदनशील है। यहां पर पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। कहा कि किसी को भी सौहार्द बिगाडने की छूट नही दी जायेगी। रंगों के पर्व को आपसी भाई चारे व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए। यदि रंग में भंग करने की किसी ने हिमाकत की तो पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटेगी। उपजिलाधिकारी आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि होली का पर्व मिलजुल कर मनाया जाना चाहिए। जो भी अति संवेदनशील गांव हैं उनमें सतर्क दृष्टि रखी जायेगी। एसडीएम ने होलिकादहन व होली पर्व पर आने वाली समस्याओं के संबंध में लोगों से बारी बारी से जानकारी ली



तथा समाधान का आश्वासन दिया। इस मौंके पर राजीव सिंह, अनूप गुप्ता, कृष्ण कुमार कुशवाहा, मुंशी यादव,अमरेंद्र सोनी, चंदन जायसवाल, चैन प्रताप , शशि चौरसिया सहित तमाम ग्राम प्रधान, सभासद व आम लोग मौजूद रहे।

## भूमाफिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का दिया प्रार्थना पत्र

प्रखर वाराणसी। वाराणसी के सिगरा स्थित एक जमीन को लेकर धार्मिक एंड चैरिटेबल कंपनी लखनऊ डायोसिसन ट्रस्ट एशोसिएसन के द्वारा नियुक्त अधिकारी अखिलेश सिंह ने पुलिस आयुक्त वाराणसी से मिलकर प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उन्होंने वाराणसी स्थित कंपनी की संपत्तियों को भूमाफियाओं के द्वारा अनाधीकृत रूप से कब्जा व कूट रचित दस्तावेजों के सहारे जमीन बेचे जाने और उसे पर जबरिया कब्जा करने का मामला दर्ज कराया है। लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रार्थी के वकील का कहना है कि फर्जी तरीके से एलडीटीए के जमीनों को लगातार बेचा जा रहा है। उक्त संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद भी उसे पर संबंधित अधिकारियों द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है । इसे भू माफियाओं द्वारा धार्मिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है ।अखिलेश सिंह ने कहा कि उनके पास कोर्ट का आदेश है बावजूद इसके पुलिस सहयोग नहीं कर



रही है और वहां माफियाओं को संरक्षण देने का काम लगातार किया जा रहा है। जबकि योगी सरकार ने एंटी भू माफिया एक्ट बनाकर तमाम ऐसे लोगों को या तो जेल के सलाखों के पीछे भेज दिया है या फिर फर्जी तरीके से जमीन पर काबिज लोगों ने खुद ही जमीन को छोड़ दिया है। एलडीटीए के वकील के मुताबिक ब्रिटिश भारत में चर्च समिति ट्रस्ट आज है उसे चर्च ऑफ इंग्लैंड इन इंडिया कहा जाता है जो ब्रिटेन में एक कंपनी लिमिटेड अंतर्गत अधिनियम 1913 के अधीन पंजीकृत था और उसकी पूरी संपत्तियां ब्रिटिश क्राउन के अधीन निश्चित थी। सिगरा स्थित इंडियन चर्च के अनुयायियों के लाभार्थ पंजीकृत रिलिजियस एवं चैरिटेबल कंपनी लखनऊ डायोसिसन ट्रस्ट संगठन के अंतर्गत 1913 के जरिए यह कंपनी के अंतर्गत स्वामित्व एलडीटीए के अधीन आती है। इसके वर्तमान के मैनेजिंग डायरेक्टर जॉनसन टी जान है जो आजीवन अपने पद पर कार्यरत रहेंगे यह सुप्रीम कोर्ट का आदेश है । इसके हिसाब से यह संपत्ति डायरेक्टर जॉनसन टी जान के इच्छा अनुसार ही किसी व्यक्ति को लीज या फिर ट्रस्ट के द्वारा बैनामा किया जा सकता है। बावजूद इसके एक फर्जी कंपनी सीएनआई बनाकर भूमाफियाओं ने इस पर जबरिया कब्जा किया हुआ है। कंपनी के वकील का कहना है कि कोर्ट के सामने सीआईएन के सारे दस्तावेज झूठे पाए गए बावजूद उसके कुछ भू माफियाओं के संरक्षण पर वह ट्रस्ट की कई जमीनों पर अभी भी काबिज है और उसका अनाधिकृत रूप से खरीद बिक्री कर रही है। इस मामले में पुलिस की चुप्पी लगातार सवाल खड़े कर रही है।

## बे-रंग न हो महिला बंदियों व उनके बच्चों की होली

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अपराध से घृणा करें, अपराधी से नहीं की मूल भावना को साकार करने के उद्देश्य से उ. प्र. अपराध निरोधक समिति, लखनऊ सदैव से तत्पर रही है। समिति के चेयरमैन डा. उमेश शर्मा के निदेर्शानुसार, प्रांतीय विशेष सचिव मयंक कुमार सिंह एवं जोन सचिव व केंद्रीय कार्यकरिणी सदस्य डॉ. ए.के. राय के मार्गदर्शन में समिति ने हर वर्ष की भांति, इस वर्ष भी जिला जेल में निरुद्ध महिला बंदियों व उनके साथ रह रहे बच्चों की होली को उपहार प्रदान कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। होली का त्योहार रंगों का त्योहार है, बाल मन में इस त्यौहार को लेकर बड़ा उमंग और जोश जुनून रहता है, लेकिन किसी कारणवश समाज के अंग के ये लोग, जेल में निरुद्ध हैं। समिति सदैव हर सुख दुख में प्रदेश के कारागारों में, सहयोग व सहभागिता की भावना से कार्य करती है। जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश ने उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति कैदियों के सुखझदुख



में हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहती है। करोना काल में भी इनका सहयोग कैदियों एवम् बंदी रक्षकों के प्रति अत्यन्त सराहनीय रहा है। कारागार में बंद महिला कैदियों और उनके बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने और उनके त्यौहार को खुशनुमा बनाने के लिए उनका आज का प्रयास सराहनीय है। होली से पूर्व इस अवसर पर उन्होंने सभी कैदियों सहित उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जेलर आर.के. वर्मा, डिप्टी जेलर रविंद्र यादव के अतिरिक्त समिति के चन्दन प्रजापति, शिवांश त्रिपाठी, मयंक यादव आदि उपस्थित रहे।

### जेएनसीयू में होली महोत्सव का आयोजन

बलिया। कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के संरक्षण में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा शुक्रवार को होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्कार भारती, बलिया के कला साधकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव एस एल पाल द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ तत्पश्चात सुश्री रानी, सुश्री ईशानी, सुश्री आरती, श्री राजकुमार मिश्र, सात्विक एवं उनके समूह ने सरस्वती वंदना एवं होली गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद गणेश यादव एवं सौम्या द्वारा कथक एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी कला साधकों को अंगवस्त्रम् से सम्मानित किया गया। कुलसचिव ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और होली के पारंपरिक स्वरूप पर चर्चा की। संचालन डॉ. सरिता पाण्डेय ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पुष्पा मिश्रा ने किया। इस अवसर पर परिसर के डॉ. रूबी, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. अजय चौबे, डॉ. विनीत सिंह, डॉ. छबिलाल आदि प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शहादत दिवस पर हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, शहीदों की जीवनी पर डाला गया प्रकाश



प्रखर जखनिया गाजीपुर ।उत्तर प्रदेश किसान सभा द्वारा क्षेत्र के हंसराजपुर प्राथमिक विद्यालय में कामरेड नसरुद्दीन की अध्यक्षता में बलिदानी भगत सिंह की शहादत दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मे किसान सभा के जिला मंत्री योगेंद्र यादव ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगत सिंह एक भारतीय क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे ।जो 23 वर्ष की उम्र में ही देश के गुलामी की जंजीर से स्वतंत्रत होने के लिए अंग्रेजों के साथ लड़ाई लड़कर बलिदानी हो गए थे । देश के लिए अपना जान न्यौछावर कर देने वाले शहीद ए आजम भगत सिंह ने अपनी मां से ज्यादा प्यार भारत माता से रखते थे, जो एक क्रांतिकारी रहे। भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ ब्रिटिश सरकार के दांत खट्टे कर दिए थे ।कार्यक्रम में कामरेड विजय बहादुर सिंह, राव वीरेंद्र, नसीमुद्दीन ,भोला यादव ,डॉक्टर सीताराम ,मारकंडे प्रसाद ,चंद्रिका यादव ,सहित काफी संख्या में लोग।

## चार मोटरसाइकिल, दो तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ चार अभियुक्त पुलिस फंदे में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। थाना कासिमाबाद पुलिस द्वारा 4 मोटरसाईकिल व 2 अवैध तमंचा .315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ 4 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में सफल रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभयान के तहत आज 23 मार्च 2024 को कासिमाबाद पुलिस टीम द्वारा 2 अभियुक्तगण व 2 नफर बाल अपचारीगण से कब्जे से थाना कासिमाबाद में पंजीकृत मु0अ0स0 64/2024 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित एक अदद मोटर साइकिल पैशन एक्सटेक व थाना नोनहरा गाजीपुर में पंजीकृत मु0अ0स0 198/2023 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित 1 मोटर साइकिल बजाज विक्रान्ता व भिन्न भिन्न स्थानो से चोरी की 2 मोटर साइकिल तथा 2 अवैध तमंचा .315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि दिनांक




22.03.2024 को उ0नि0 बृजमोहन, उ0नि0 आशुतोष शुक्ला व उ0नि0 सुरेश चन्द्र पाण्डेय मय हमराही कर्मचारीगण के थाना कासिमाबाद रवाना होकर जुर्म जरायम व अपराधियो की धर पकड़ हेतु अन्दर थाना क्षेत्र मामूर होकर थे कि धरवार कला पूर्वांचल एक्सप्रेस वे सर्विस लेन के पास संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान 4 व्यक्ति दो मोटर साइकिल से आते हुए दिखाई दिये जिन्हे रोकने का प्रयास किया गया तो व्यक्तियो ने दोनो मोटर साइकिल को घूमाकर भागने का प्रयास किये, परन्तु पुलिस फोर्स द्वारा घेरमार कर पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्ति से भागने का कारण पूछने पर जानकारी मिली कि चारो व्यक्तियो के पास मौजूद दोनो मोटर साइकिल चोरी कि है जिसके सम्बन्ध में पूर्व में ही थाना कासिमाबाद गाजीपुर व थाना नोनहरा गाजीपुर मोटर साइकिल चोरी का मुकदमा पंजीकृत है। नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो एक ने अपना परिचय विनोद कुमार पुत्र बबलू राम निवासी ग्राम मेख थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर उम्र 21 वर्ष बताया जिसकी जामातलाशी से उसके पास से 1 देशी तमन्चा .315 बोर व 1 कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम रितेश राव उर्फ गोलू पुत्र अनिल राव निवासी ग्राम सुरवत थाना कासिमाबाद गाजीपुर उम्र 24 वर्ष बताया जिसकी जामातलाशी से 1 देशी तमन्चा .315 बोर व 1 कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। तथा दो बाल अपचारी जिनसे नाम पता पूछने पर बताये कि अपना नाम अभिषेक कुमार पुत्र रामरतन राम निवासी ग्राम सुरवत थाना कासिमाबाद गाजीपुर तथा रविकुमार उर्फ भोला पुत्र सुरेन्द्र राम निवासी ग्राम सुरवत थाना कासिमाबाद गाजीपुर बताये। चारो पकडे गये अभियुक्त/बाल अपचारीगण के निशाःदेही पर उनके द्वारा पूर्व में भिन्न भिन्न स्थानो से चोरी किये गये 2 अन्य मोटर साइकिल को भी बरामद किया गया। अभियुक्तगण विनोद कुमार, रितेश राव उर्फ अनिल राव उपरोक्त व बाल अपचारी गण अभिषेक कुमार, रविकुमार उर्फ भोला उपरोक्त को उनके जुर्म का बोध कराते हुए अभियुक्तगण को गिरफ्तार व बाल अपचारीगण को दिनांक 23.03.2024 समय .1.35 बजे सुरक्षार्थ निरागनी में लिया गया। उपरोक्त अभियुक्तगण व बाल अपचारीगण के विरुध्द थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-66/2024 धारा 34/411/413/ 414/ 419/420 भा0द0वि0 व 3/25 आयुध अधि0 में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विविध कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 वृजमोहन, उ0नि0 आशुतोष शुक्ला, उ0नि0 सुरेश चन्द्र पाण्डेय, हे0का0 रामकरन गौड, का0 नागेन्द्र शाह, का0 अजय कुमार, का0 गोविन्द गौड, का0 प्रिन्स सिंह, का0 राजन जायसवाल, का0 अरुण ध्वज यादव शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबर

### होली में हुड़दंगई करने वालों पर पुलिस सख्ती से निपटेगी

रसड़ा (बलिया)। स्थानीय कोतवाली परिसर में शुक्रवार को होली पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी रसड़ा आलोक प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में एसडीएम ने लोगों से आपसी सामंजस्य व भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि होली में किसी प्रकार की हुड़दंगई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अराजकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ पुलिस सख्ती से निपटेगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मो. फहीम कुरैशी ने बैठक में उपस्थित लोगों से होलिका दहन से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सकुशल होलिका दहन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि होली के दिन तेज आवाज में डीजे बजाने व जातिसूचक गाने बजाने की सख्त मनाही है। बावजूद इसके शिकायत मिलती है तो ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक क्षितिज त्रिपाठी ने होली पर्व को सकुशल व शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी से अपील करते हुए सद्भाव व भाईचारा के साथ होली पर्व मनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान इंद्रजीत सिंह, राजेश जायसवाल, प्रभात कुमार ग्राम प्रधान, महेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, मोती राजभर, संजय, विजय, सुनील आदि लोग मौजूद रहे।

### 31 मार्च को भी खुली रहेगी ट्रेजरी व सभी बैंक शाखाएँ

बलिया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने इस वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च को साप्ताहिक अवकाश रविवार के दिन भी ट्रेजरी व बैंक शाखाओं को खोलने का आदेश दिया है। कहा है कि वित्तीय वर्ष का अन्तिम दिन होने के कारण कोषागार के साथ-साथ जिले में शासकीय कार्य करने वाले समस्त बैंक शाखाएँ राजकीय लेन देन सम्बन्धी कार्यों के निस्तारण के लिए खुले रहेंगे।

### भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष के निधन पर शोक

चितबड़ागांव बलिया। नगरपंचायत के वार्ड नंबर 14 शास्त्री नगर निवासी एवं पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष दयानंद तिवारी का 21 मार्च गुरुवार की देर रात निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। बताते चलें कि दयानंद तिवारी ने राजनीतिक शुरूआत अखिल विद्यार्थी परिषद के विभिन्न पदों का निर्वाहन करते हुए भारतीय जनता पार्टी में जिला उपाध्यक्ष, भाजपा चितबडागांव मंडल के अध्यक्ष के



दायित्व का निर्वहन करते हुए राजनीति में सक्रिय रहे। दयानंद तिवारी अपने पीछे एक पुत्र एवं पत्नी छोड़ गये । दयानंद तिवारी के निधन की सूचना मिलते ही पुरे नगरपंचायत पंचायत में शौक की लहर दौड़ गई और उनके दरवाजे पर शौक संवेदना प्रकट करने वाले लोगो का तांता लगा रहा। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह "डा०सुमन", प्रभु शंकर तिवारी, गोपाल सिंह, सभासद विनय कुमार तिवारी, शिवमंगल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह,संजय सिंह ओमप्रकाश वर्मा, धीरेन्द्र तिवारी अधिवक्ता, पूर्व सभासद पप्पू रावत,विनोद सिंह, सतेन्द्र सिंह, अभिषेक तिवारी, रविप्रकाश पान्डेय, प्यारे मोहन तिवारी, आनंद विजय त्रिपाठी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। दिवागंत श्री दया नंद तिवारी का अंतिम संस्कार टोंस नदी के महावीर घाट पर किया मुखाग्नि उनके इकलौते पुत्र हिमांशु शेखर तिवारी ने दी।

### खुले में गोवंश दिखाई न देने का आदेश हवाहवाई

जौनपुर। केराकत बाजार में दिनों छुट्टा गोवंशों की भरमार हो गई है। छुट्टा गोवंशों से बाजार आने जाने वाले राहगीरों को दिक्कतो का सामने करना पड़ रहा है। जबकि गोवंशों को पकड़कर गौ आश्रय स्थलों पर रखे जाने के आदेश है, ताकि कोई भी गौवंश खुले में न दिखाई दे। लेकिन यहां तो तस्वीर ही कुछ और देखने को मिल रही है।खुले में एक भी गोवंश दिखलाई न देने वाला आदेश केराकत में धराशाई होता हुआ नजर आ रहा है।मजे की बात तो यह है कि जिस रोड पर छुट्टा पशुओं का झुंड दिखाई दे रहा है वह रोड रेलवे स्टेशन जाने के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व क्षेत्र पंचायत कार्यालय भी जोड़ता है।इसलिए रोड पर राहगीरों के साथ साथ अधिकारी कर्मचारी का भी आना जाना लगा रहता है बाबजूद इसके भी घूम रहे छुट्टा पशुओं पर ध्यान आकृष्ट नही होना बड़ा सवाल खड़ा करता है?या यू कहे की यहां पर छुट्टा पशुओं की धरपकड़ की सारी कवायद फेल होती हुई नजर आ रही है।इस रोड पर आसानी रोजाना छुट्टा पशुओं को आते जाते देखा जा सकता है। क्षेत्र से रोजाना सैकड़ों की संख्या में उपचार हेतु मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आते है ऐसे में अगर किसी भी मरीज या राहगीरों के साथ कोई अनहोनी घटती है तो उसका जिम्मेदार आखिर होगा कौन?

### हत्या का प्रयास करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलिया। पुलिस अधीक्षक बलिया श्री देव रंजन वर्मा महोदय के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के सफल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय श्री गौरव कुमार शर्मा व प्रभारी निरीक्षक कोतवालीसंजय शुक्ल के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस को मिली महत्वपुर्ण सफलता। उल्लेखनीय है कि दिनांक 22.03.2024 को थाना कोतवाली पुलिस टीम के उ0नि0 राजू कुमार मय हमराह हे0का0संजय कुमार का0 बृजेश सिंह द्वारा थाना कोतवाली के मु0अ0सं0 134/24 धारा 307/504 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त घनश्याम जी सिंह पुत्र हीरा जी सिंह निवासी शिवपुर दियर नम्बर पाण्डेय डेरा थाना कोतवाली जनपद बलिया को मुखबिरी सूचना के आधार पर एससी कालेज चौराहे के पास से समय करीब 13.25 बजे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी पिस्टल मय 01 अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ।




गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय रवाना किया गया। घटना इस प्रकार है कि आज दिनांक 22.03.2024 थाना कोतवाली की चौकी सतनी सराय ग्राम जमुआ के पास प्रातः एक महिला पर गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय द्वारा मौके पर पहुँचकर महिला को इलाज हेतु जिला अस्तपताल भेजा गया, जहाँ से महिला को उच्च इलाज हेतु वाराणसी रेफर किया गया है। महिला की स्थिति डॉक्टर्स ने खतरे से बाहर बताई है, किंतु एहतिहात के लिए इलव रिफर किया गया है। मामले की जाँच से ज्ञात हुआ कि मामला प्रेम प्रसंग से सम्बन्धित है। महिला के प्रेमी ने उस पर पिस्टल से फायर किया जिससे बाये कंधे के नीचे गोली लगी है। थाना स्थानीय द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है ।

## वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में शुरू किया प्रोटीन शोध

**वेलिंगटन।** वैज्ञानिकों ने अधिक प्रभावी दवाएं और टीके विकसित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर प्रोटीन अनुसंधान शुरू किया है। कैंटरबरी विवि की सारा केसन्स ने कक्षा में स्वायत्त रूप से संचालित होने हार्डवेयर विकसित किया, जिससे वैज्ञानिकों को माइक्रोग्रैविटी में प्रोटीन के क्रिस्टलीकरण का शोध करने और अन्य अनुप्रयोगों के बीच ज्यादा प्रभावी दवाओं और टीकों को विकसित करने अपनी अंतर्दृष्टि का उपयोग करने की सुविधा प्राप्त हुई है।

## केट मिडलटन को हुआ कैंसर, कीमोथेरेपी शुरू

**लंदन।** वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन कैंसर से पीड़ित हैं। उनकी कीमोथेरेपी शुरू हो गई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी कर उन्होंने कहा कि पिछले दो महीने हमारे पूरे परिवार के लिए काफी कठिन रहे। उन्होंने लोगों से गोपनीयता का सम्मान करने के लिए कहा है। मिडलटन ने कहा कि एक परिवार के रूप में हमें उम्मीद है कि आप यह समझेंगे। हमें इलाज के लिए कुछ समय, स्थान और गोपनीयता की आवश्यकता है। कैट ने बताया कि यह हमारे लिए एक झटका है।

## प्रयागराज में वायु सैनिक ने की फांसी लगाकर खुदकुशी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के हंडिया क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह घर में वायु सैनिक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हंड़िया थाना क्षेत्र के रसूलपुर तलिया निवासी दीपक (28) कमरे में फंदे से लटकता मिला। परिजन उसको फंदे से उतार कर अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि दीपक भारतीय वायु सेना में तैनात है।

## तीन युवतियों को चाकू मारने के बाद हमलावर गिरफ्तार

**टोक्यो।** जापान के दक्षिण पश्चिमी शहर कुमामोटो में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने तीन युवतियों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने स्थानीय पुलिस के हवाले से बताया कि युवतियों को जब अस्पताल ले जाया गया, तो होश में थीं।रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारियों ने बाद में हत्या के प्रयास के आरोप में घटनास्थल के पास से ही एक 29 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है।

## विधानसभा का सत्र रद्द, अगली बैठक 27 मार्च को होगी

**नई दिल्ली।** पानी और सीवरेज से जुड़े मुद्दों पर शुक्रवार को होने वाली दिल्ली विधानसभा की बैठक को रद्द कर दिया गया है। विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी एक बुलेटिन में कहा गया कि सदन की अगली बैठक 27 मार्च को होगी। बुलेटिन में आगे कहा गया कि 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों के नियम -17 (सदन का स्थगन और पुनः बुलाने की प्रक्रिया) के उप-नियम (एक) के अनुसरण में, माननीय अध्यक्ष ने निर्णय लिया है कि सदन की अगली बैठक 27 मार्च को सुबह 11:00 बजे होगी।

## अमेरिका ने निकारागुआ के अटॉर्नी जनरल पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने निकारागुआ के अटॉर्नी जनरल वेंडी कैरोलिना मोरालेस उर्बिना पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, ट्रेजरी विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने निकारागुआ के अटॉर्नी जनरल वेंडी कैरोलिना मोरालेस उरबिना को ओर्टेगा-मुरीलो शासन के उत्पीड़न में शामिल होने के लिए प्रतिबंध लगाया है।

## आज का इतिहास

- 1351: मोहम्मद तुगलक के भतीजे फिरोज शाह तुगलक तृतीय को रजगद्दी पर बिठाया गया।
- 1775: क्लाइव ने चंद्रनगर को फ्रांस के आधिपत्य से छीना।
- 1801: रूस के जार पॉल प्रथम की हत्या।
- 1857: न्यूयॉर्क शहर में पहली लिफ्ट की शुरुआत।
- 1880: भारतीय स्वतंत्रता कार्यकर्ता बसंती देवी का जन्म।
- 1910: स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर चिंतक एवं समाजवादी राजनेता डॉ राममनोहर लोहिया का जन्म।
- 1931: भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजों ने फांसी दी।
- 1940 - मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान के प्रस्ताव को मंजूरी दी।1942 - जापानी सैनिकों ने अंडमान द्वीप समूह पर कब्जा किया।

# मास्को में 5 हमलावरों ने की भीड़ पर फायरिंग, फिर हुए 2 ब्लास्ट

### रूस में आतंकी हमला



### 40 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा लोग हुए घायल

**मास्को।** रूस की राजधानी मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में कई लोगों के मारे गए है। रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा बलों की वर्दी में कम से कम पांच बंदूकधारी कॉन्सर्ट हॉल में घुस आए और अंदर पर मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जिससे 40 लोगों की मौतें हुई हैं और 100 लोग घायल हुए हैं। 100 लोगों के हॉल से बाहर निकाला गया। रुसी सरकार ने इस हमले को आतंकी हमला बताया है। स्पेशल फोर्स आतंकियों को ढ़ेर करने की कार्रवाई करने हाल में घुस गई। फेडरल सर्विस ने कहा सभी जरूरी कार्रवाई जारी है। वहीं यूक्रेन ने कहा उसका हमले में कोई हाथ नहीं है। रूसी समाचार एजेंसी तास ने हमले के बाद इमारत में दो विस्फोट और आग लगने की भी सूचना दी है। क्रोकस सिटी हाल में आग बुझाने के लिए 70 एम्बुलेंस भेजी गई। आग बुझाने के लिए हेलिकॉप्टर भी भेजे गए। घटना मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुई। घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें लोगों की शव जमीन पर पड़े हुए नजर आए। लोग घबराए हुए दिखाई दिए।




**25 से शिकागो में राम यात्रा**

राम मंदिर रथ यात्रा से पहले एक कार के बाहरी हिस्से को राम मंदिर और राम लला के स्टिकर से सजाया गया है, जो सोमवार को शिकागो से शुरू होगी और 48 राज्यों में 851 मंदिरों का दौरा करेगी, जो अगले 60 दिनों में 8,000 से अधिक को पार कर जाएगी।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कहा

# मदरसा अधिनियम असंवैधानिक धर्मनिरपेक्षता सिद्धांत का उल्लंघन

### हाईकोर्ट ने कहा- सर्वे में बिना मान्यता के चल रहे 8441 मदरसे मिले, सरकार एक योजना बनाए



● लखनऊ/

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन है। इसके साथ ही यूपी सरकार को एक स्कीम बनाने को कहा है, ताकि मदरसों में पढ़ रहे छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जा सके। शुक्रवार को अंशुमान सिंह राठौड़ की याचिका पर जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया।

**कोर्ट के फैसले से आश्चर्य:डॉ. जावेद**

यूपी मदरसा शिक्षा परिषद के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा- कोर्ट के फैसले से आश्चर्य हुआ है। 2004 के एक्ट को असंवैधानिक बताया गया है। फैसला बड़ा है, इसकी समीक्षा की जाएगी। कोर्ट को समझाने में हमसे कहीं न कहीं चूक हुई है। 10 सितंबर 2022 से 15 नवंबर 2022 तक मदरसों का सर्वे कराया था। इस टाइम लिमिट को बाद में 30 नवंबर तक बढ़ाया गया।

इस सर्वे में प्रदेश में करीब 8441 मदरसे ऐसे मिले थे, जिनकी मान्यता नहीं थी। सबसे ज्यादा मुरादाबाद में 550, बस्ती में 350 और मुजफ्फरनगर में 240 मदरसे बिना मान्यता मिले थे। राजधानी लखनऊ में 100 मदरसों की मान्यता नहीं थी।

### क्या है यूपी मदरसा बोर्ड कानून

यूपी मदरसा बोर्ड एजुकेशन एक्ट 2004 उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पारित कानून था। जिसे राज्य में मदरसों की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बनाया गया था। इस कानून के तहत मदरसों को न्यूनतम मानक पूरा करने पर बोर्ड से मान्यता मिल जाती थी।

### अनुदान से चलने वाले मदरसे खत्म हो जाएंगे

हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद मदरसों को मिलने वाली अनुदान की राशि (सहायता राशि) अब बंद हो जाएगी। यूपी सरकार के सर्वे में पाया गया था कि सरकार के पैसे से मदरसों में धार्मिक शिक्षा दी जा रही थी। जबकि कोर्ट ने इसे धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ माना है।

### मदरसा एक्ट का उद्देश्य

उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड एजुकेशन एक्ट का उद्देश्य मदरसों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारना और उन्हें आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है। साथ ही छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करना भी है। हालांकि इस कानून का विरोध भी होता रहा है। कुछ लोगों का मानना है कि यह कानून मदरसों को धर्मनिरपेक्ष शिक्षा प्रदान करने से रोकता है।

# अशोक महतो की पत्नी मुंगेर से लड़ेंगी, राजद से मिला सिंबल



**शादी के 24 घंटे के अंदर लालू ने बनाया कैंडिडेट, अनीता बोलीं- वक्त आने पर बोलूंगी**

**पटना।** अशोक महतो की पत्नी अनिता देवी को राजद ने मुंगेर से अपना उम्मीदवार बनाया है। शादी के 24 घंटे के भीतर लालू प्रसाद यादव ने उन्हें पार्टी सिंबल दे दिया है।

गुरुवार की देर शाम अशोक महतो अपनी पत्नी के साथ राबड़ी आवास पहुंचे। यहां लालू प्रसाद यादव ने उन्हें सिंबल दिया। सिंबल लेने के बाद बाहर आए अशोक महतो ने कहा कि मुंगेर हमारा इलाका है, हम ही जीतेंगे। वहीं अशोक महतो की नई नेवली दुल्हन अनीता देवी ने कहा कि बहुत कुछ कहना है। वक्त आने पर सब बता देंगे।

अभी मैं कुछ नहीं बोलूंगी। बस इतना कहा कि चुनाव में जीत होगी। मुंगेर से जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह अभी सांसद हैं। उन्हें फिर से जदयू टिकट दे सकती है। इसलिए संभावना जताई जा रही है कि ललन सिंह के सामने अशोक महतो की पत्नी अनीता होंगी।खरमास में की थी शादीः बिहार के कुख्यात अशोक महतो ने लोकसभा टिकट के लिए ही मंगलवार रात को खरमास में शादी की। अशोक की उम्र 62 साल है, पत्नी उनसे 16 साल छोटी हैं। अशोक महतो पर ही वेब सीरीज खाकी द बिहार चैप्टर बनी थी।

## पूर्व सीएम की बेटी की याचिका हुई खारिज

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और विधायक के कविता की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (22 मार्च) को खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कविता को बेल के लिए पहले ट्रायल कोर्ट में याचिका लगानी होगी। जस्टिस संजीव खन्ना, एमएम सुंदरेश और बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने कहा- सभी को यूनिफॉर्म पॉलिसी माननी होगी। के कविता को जमानत के लिए सीधे सुप्रीम कोर्ट में आने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। वे एक पॉलिटिशियन है, इसका मतलब ये नहीं कि वे प्रोसेस को बायपस कर सीधे सुप्रीम कोर्ट आ सकती हैं।

# हिमाचल प्रदेश के खड़ामुख-होली मार्ग पर दरकी पहाड़ी



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के उच्च पर्वतीय भागों में ताजा हिमपात दर्ज किया गया है। गुरुवार रात को लाहौल व मनाली की ऊंची चोटियों पर हिमपात हुआ है, जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार सुबह धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली। शिमला में भी मौसम साफ बना हुआ है। तेरह हजार पचास फुट ऊंचे रोहतांग दर्रा में 15 सेंटीमीटर, जबकि कोकसर, अटल टनल नॉर्थ पोर्टल, सिस्सू, बारालाचा व कुंजुम दर्रा में पांच-पांच सेंटीमीटर हिमपात दर्ज किया गया है। मनाली और केलांग के बीच वाहनों की आवाजाही बंद नहीं हुई है। पहाड़ों पर हिमपात के बाद ठंडक बढ़ गई है। खड़ामुख-होली मार्ग शुक्रवार को पहाड़ी दरक गई। इससे देखते ही देखते चंबा और होली की ओर से वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

## यूक्रेन : हवाई हमले के बाद डीनिप्रो पनबिजली स्टेशन में लगी आग

**मॉस्को।** रूस के हवाई हमलों से यूक्रेन के नियंत्रण वाले शहर ज़ापोरीजिया स्थित डीनिप्रो पनबिजली स्टेशन और एक बांध में आग लग गयी। यूक्रेन की सरकारी स्वामित्व वाली ऊर्जा कंपनी उक्रहाइड्रोएनर्गो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



आपातकालीन सेवाएं आग बुझाने के लिए काम में जुटी हुयी हैं। उक्रहाइड्रोएनर्गो ने एक बयान में कहा कि आपातकालीन सेवाएं और बिजली इंजीनियर हालात पर काबू पाने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं। बयान में कहा गया है कि बांध टूटने का कोई खतरा नहीं है और स्थिति नियंत्रण में है। इस बीच, यूक्रेनी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने कहा कि जलविद्युत स्टेशन और बिजली पारेषण और वितरण सुविधाओं को नुकसान के कारण निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र में आपातकालीन ब्लैकआउट शुरू कर दिया गया है। डीटीईके ने टेलीग्राम पर कहा कि पिछली रात, दुश्मन ने यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर बड़ा हमला किया।

## वायु सेना को एयरोस्पेस फोर्स में बदलने की जरूरत: वीआर चौधरी

**नई दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने वायु सेना को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार एयरोस्पेस फोर्स में बदलने की जरूरत पर बल दिया है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने शुक्रवार को डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन का दौरा किया और 79वें स्टाफ कोर्स के भारतीय सशस्त्र बलों, मित्रवत विदेशी देशों के छात्र अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने वायु सेना के समक्ष चुनौतियों, क्षमता विकास योजना और संयुक्त कौशल के बारे में चर्चा की। उन्होंने वायुसेना को समकालीन और भविष्य के लिए तैयार एयरोस्पेस फोर्स में बदलने के बारे में अपने विचार रखे।

# बिहार के सीतामढ़ी मे बनेगा रामायण रिसर्च काउंसिल

### 55 एकड़ भूमि चिह्नित, माता सीता के भव्य मंदिर निर्माण की भी योजना

**पटना।** रामायण रिसर्च काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमहंस स्वामी सांदीपेंद्र ने कहा है कि माता सीता के प्राकट्य क्षेत्र सीतामढ़ी में माता सीता की भव्य प्रतिमा एवं उन्हें भगवती के रूप में स्थापित करने के लिए काउंसिल को 30 एकड़ भूमि उपलब्ध हो गई है। 25 एकड़ भूमि को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। स्वामी सांदीपेंद्र स्वयं सीतामढ़ी आकर मंदिर-निर्माण की जगह, परियोजना के चरण और प्रारूप की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इस संबंध में भेंट करेंगे। पीएम मोदी को सीतामढ़ी में उक्त स्थल पर भूमि-पूजन का प्रस्ताव दिया जाएगा। काउंसिल के अध्यक्ष स्वामी सांदीपेंद्र मध्य प्रदेश में नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी सिद्धपीठ प्रांगण के संत हैं। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से सीतामढ़ी में माता सीता की 251 फीट ऊंची प्रतिमा तथा संबंधित क्षेत्र को तीर्थ, पर्यटन एवं शक्ति के रूप में स्थापित करने को लेकर पहल कर रहे थे। इसके लिए भूमि की उपलब्धता एक बड़ा विषय था।

# भारतीय रेलवे चलाएगा 571 होली स्पेशल सहित 1098 ट्रेनें

**नई दिल्ली।** त्योहारों के मौके पर भारतीय ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ होती है। रंगों का त्योहार होली भी अपवाद नहीं है। ऐसे में भीड़ से निपटने और यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए भारतीय रेलवे ने हर बार की तरह इस बार भी विशेष व्यवस्थाएं की हैं।



इसी के मद्देनजर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि होली के मौके पर 571 होली ट्रेनों सहित 1098 अतिरिक्त विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही रेलवे की ओर से 30 लाख यात्रियों की अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध कराई गई है। होली से चार-पांच दिन पहले और चार-पांच दिन बाद तक ट्रेनों में काफी संख्या में लोगों की आवाजाही बनी रहती है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक, इस त्योहार के सीजन में रेल यात्रियों के लिए ट्रेनों में लगभग 30 लाख अतिरिक्त सीटें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके लिए 571 होली ट्रेनों सहित 1098 अतिरिक्त विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था की गई है। 24×7 इसकी मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

## सुको के निर्देश के बाद डीएमके नेता बनाए गए मंत्री

**चेन्नई।** डीएमके नेता के पोनमुडी ने शुक्रवार 22 मार्च को दोबारा मंत्री पद की शपथ ले ली। सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने पोनमुडी को शपथ दिलाई। दरअसल, पोनमुडी को ट्रायल कोर्ट ने भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी पाया था। ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ तमिलनाडु सरकार सुप्रीम कोर्ट गई, जहां कोर्ट ने उनकी सजा पर रोक लगा दी थी। राज्य सरकार ने पोनमुडी को पद पर बहाल कर दिया था। लेकिन राज्यपाल उन्हें फिर से शपथ नहीं दिला रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को आदेश दिया कि पोनमुडी को मंत्री बनाया जाए, लेकिन गवर्नर आरएन रवि ने इसके बाद भी उन्हें शपथ नहीं दिलाई। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गवर्नर रवि को फटकार लगाई।

## ईशनिंदा के जुर्म में महिला को आजीवन कारावास

**लाहौर।** पाक की एक कोर्ट ने एक मुस्लिम महिला को इस्लाम के पवित्र ग्रंथ के पन्ने जलाने का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक अभियोजक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पाक के ईशनिंदा कानूनों के तहत, धर्म या धार्मिक शख्सियतों का अपमान करने का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को मौत की सजा तक दी जा सकती है। हालांकि, अफसरों ने अभी तक ईशनिंदा के लिए मौत की सजा नहीं दी है। सरकारी अभियोजक मोहजिब अवैस ने कहा कि आसिया बीबी को 2021 में ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उस दौरान महिला के खिलाफ निवासियों ने दावा किया था कि उसने कुरान के पन्ने जलाकर उसका अपमान किया है।

## Filmi तड़का

## देवरा: पार्ट 1 के गाने की बीटीएस झलक जारी



**मुंबई**

मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर अभिनीत फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' के निर्माताओं ने गोवा में फिल्म के गाने की शूटिंग से एक बीटीएस झलक साझा की है। एनटीआर जूनियर इन दिनों गोवा में फिल्म 'देवरा: पार्ट 1'की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें एक गाना फिल्माना भी शामिल है। 'देवरा: पार्ट 1' के निर्माताओं ने गोवा के सेट से इस फिल्म गाने की शूटिंग से निर्देशक कोराताला शिवा और कोरियोग्राफर राजू सुंदरम के साथ एनटीआर जूनियर की एक तस्वीर जारी की है। निर्माताओं ने इसे सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा, गोवा में धूम मचा रहे हैं! !#देवरा कोराताला शिवा द्वारा निर्देशित,'देवरा'दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में आएगा, जो दशहरा सप्ताहांत के साथ मेल खाता है। इस महान कृति का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स ने किया है और इसे नंदामुरी कल्याण राम ने प्रस्तुत किया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी आर रत्नवेलु ने की है।

## छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभायेंगे शाहिद कपूर!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर सिल्वर स्कीन पर छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। हाल ही में घोषणा की गई थी कि पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म 'अश्वत्थामा द सागा कंटीन्यूज़' में शाहिद कपूर'अश्वत्थामा' का किरदार निभाते नजर आयेगे। इस बीच शाहिद कपूर की अगली फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ गया है। चर्चा है कि फिल्म ओह माय गॉड 2 (ओएमजी 2) के निर्देशक अमित राय एक नई फिल्म बनाने की योजना कर रहे हैं, जिसमें शाहिद कपूर लीड रोल में दिखने वाले हैं। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरित होगी। इस फिल्म में शाहिद कपूर वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर सकते हैं। इससे पहले शाहिद कपूर फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में महाराजा रतन सिंह के किरदार में नजर आ चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मुकेश अंबानी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड'



**नई दिल्ली।** भारत के दूरसंचार क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश डी अंबानी को वॉयस एंड डेटा द्वारा प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2023 के लिए रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष मैथ्यू ओमन को 'पाथब्रेकर ऑफ द ईयर अवार्ड' से नवाजा गया। देश में 5जी के तेज रोलआउट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए श्री ओमन को यह अवार्ड मिला। श्री अंबानी की लीडरशिप की प्रशंसा करते हुए श्री ओमन ने कहा, '' वॉयस और डेटा द्वारा मुकेश धीरूभाई अंबानी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिए जाने से हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उनकी लीडरशिप में कंपनी ने दूरसंचार, खुदरा, मीडिया और खेल क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया है। आज की डिजिटल दुनिया में भारत की भूमिका क्रांतिकारी होगी। एक उद्योग और राष्ट्र के रूप में, हमारा योगदान अद्वितीय रहेगा और यह सभी भारतीयों के लिए अधिक न्यायसंगत और टिकाऊ भविष्य की ओर अग्रसर होगा।''

### डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 80 लाख का जुर्माना लगाया



**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को टाटा समूह के नियंत्रण वाली एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना उड़ान सेवा अवधि सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जनवरी में एयर इंडिया का मौके पर ऑडिट किया था। इस दौरान जमा किए गए सबूतों के आधार पर यह फैसला किया गया है। नियामक ने एक बयान में कहा, ''रिपोर्टों और सबूतों के विश्लेषण से पता चला कि एयर इंडिया लिमिटेड ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान भरी थी।'' बयान के मुताबिक एयरलाइन ने चालक दल को पर्याप्त साप्ताहिक आराम तथा लंबी उड़ानों से पहले और बाद में पर्याप्त आराम देने में कोताही बरती।

### डाबर हाजमोला ने लॉन्च किया प्रेरक वीडियो

**नई दिल्ली।** भारत की विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया की ओर से स्वादिष्ट, मज़ेदार और पाचक डाबर हाजमोला समाज के गुमनाम हीरोज़ को सम्मान देने के लिए नया कैंपेन लेकर आई है 'अच्छाई का चटकारा'। इस वीडियो में 64 वर्षीय ट्रैफिक मैनेजर डोरिस फ्रैंकिस की कहानी को दिखाया गया है जिन्होंने अपना पूरा जीवन अपने काम को समर्पित कर दिया। 14 साल पहले डोरिस की ज़िंदगी में एक दुखद मोड़ आया जब एक भीड़भाड़ भरे ट्रैफिक जंक्शन पर उनकी बेटी ने अपनी जांन गवां दी। लेकिन डोरिस ने अपने इस दुख के सामने घुटने टेकने के बजाए समाज को उम्मीद की नई किरण देने फैसला लिया। रोज़ाना उन्हें उसी जंक्शन पर ट्रैफिक मैनेज करते हुए देखा जा सकता है। वे मुस्कराते हुए मजबूत इरादे के साथ यहां ट्रैफिक मैनेज करती नज़र आती है और बहुत से लोगों को प्रेरित करती है।

### लुडिक के स्टाइलिश फुटवियर, परिधान लॉन्च

**नई दिल्ली।** लुडिक, जिसे फ्रेंच में 'प्लेफुल' के रूप में परिभाषित किया गया है, एक नए जमाने का समकालीन जीवनशैली ब्रांड है। यह ब्रांड परिचय के रूप में स्नीकर्स, टी-शर्ट और स्वेटशर्ट का संग्रह लेकर आया है। लुडिक की शैलियाँ अपने स्वतंत्र विभेदकों के साथ बनाई गई है जो प्रत्येक श्रेणी और प्रत्येक शैली में उपभोक्ता की प्राथमिक ज़रूरतों से अधिक जोड़ती है चाहे वह सिल्हूट, डिज़ाइन, रंग पैलेट, गुणवत्ता, टिकाऊपन, लालित्य, आत्मविश्वास या साधारण आराम हो। शुरुआत करने के लिए लुडिक ने फुटवियर और परिधान श्रेणियों में पांच शानदार स्टाइल लॉन्च किए है। पूरे दिन आराम के लिए 100% वेगनस्यूडे और 100% रबर सोल के साथ बनाया गया एक्लिप्स स्नीकर्स हरे, नीले और लाल रंग में उपलब्ध है।

# ई-कॉमर्स मंचों पर भी छाया चुनावी 'बुखार'

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'कमल' से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं।

बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे। एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए।

उन्होंने कहा, ''जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ...और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं।'' विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है।

उदाहरण के लिए, 'नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है।

इस प्रवृत्ति पर पीटीआई-भाषा द्वारा अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, ई-कॉमर्स मंच पर इन सामानों के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने खुलासा किया कि लोकसभा चुनावों में ऐसी वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई। आपूर्तिकर्ता ने कहा, ''पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा।''लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से सात चरणों में होने हैं। मतगणना चार जून को होगी।

ऑनलाइन मंचों पर धूम मचा रहे राजनीतिक दलों के उत्पाद



■ नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा समेत कई उत्पाद उपलब्ध हैं

# रिजर्व बैंक के सरकारी कामकाज वाले कार्यालय 30, 31 को खुले रहेंगे

**मुंबई (भाषा)।**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सरकारी कामकाज से संबंधित कार्यालय और एजेंसी बैंकों की सभी नामित शाखाएं करदाताओं की सुविधा के लिए चालू वित्त वर्ष के अंतिम दो दिन 30 और 31 मार्च को सामान्य कामकाजी घंटों के अनुरूप खुली रहेंगी। सरकारी खातों की वार्षिक बंदी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा, इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन 30 मार्च और 31 मार्च को शनिवार और रविवार होने के बाद भी निर्धारित समय तक किए जा सकते हैं।

बयान के अनुसार, ''राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एनईएफटी) और वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) प्रणाली के माध्यम से लेनदेन 31 मार्च, 2024 को रात 12 बजे तक जारी रहेगा।'' इसमें कहा गया कि सरकारी प्राप्तियों और भुगतानों को सुविधाजनक बनाने के लिए देशभर में विशेष समाशोधन अभियान चलाने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

केंद्रीय बैंक ने कहा, ''सरकारी चेकों के लिए 30 और 31 मार्च, 2024 को विशेष समाशोधन आयोजित किया जाएगा। एजेंसी बैंकों को सलाह दी जाती है कि सरकारी खातों से संबंधित सभी चेक ऐसे समाशोधन पर प्रस्तुत किए जा सकते हैं।'' केंद्र और राज्य सरकारों के आरबीआई को लेनदेन की रिपोर्टिंग के संबंध में 31 मार्च की रिपोर्टिंग खिड़की एक अप्रैल, 2024 को दोपहर 12 बजे तक खुली रखी जाएगी।

# रुपया 35 पैसे लुढ़ककर 83 .48 प्रति डॉलर पर

**नई दिल्ली (भाषा)।**



प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने तथा एशियाई मुद्राओं के कमजोर होने के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 35 पैसे की भारी गिरावट के साथ 83.48 (अस्थायी) प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशी कोषों की बाजार से धननिकासी के कारण भी रुपये की धारणा प्रभावित हुई।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.28 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला तथा कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले 35 पैसे औंधे मुंह लुढककर 83.48 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपये ने 83.52 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छुआ था।

पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 83.13 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस तरह डॉलर के मुकाबले रुपये में 35 पैसे की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

इससे पूर्व 13 दिसंबर, 2023 को रुपये ने 83.40 प्रति डॉलर के निम्नतम स्तर को छुआ था। शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि कमजोर यूरो और पाउंड के कारण अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ।

यूरो में गिरावट आने की वजह यह रही कि स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) ने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत से लेकर 1.5 प्रतिशत तक की कटौती कर बाजारों को आश्चर्यचकित कर दिया। इससे जून 2024 में यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) द्वारा ब्याजदर में कटौती की संभावना बढ गई है।

बैंक ऑफ इंग्लैंड के ब्याज दर को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने के बाद पाउंड में भी गिरावट आई। चौधरी ने कहा कि अमेरिका के मजबूत आर्थिक आंकड़ों ने भी अमेरिकी डॉलर का समर्थन किया। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 104.32 पर पहुंच गया।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85.74 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 190.75 अंक की तेजी के साथ 72,831.94 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 1,826.97 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

## विदेशी मुद्रा भंडार 642.5 अरब डॉलर हुआ

**मुंबई (भाषा)।**



विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में जबरदस्त बढोतरी होने से 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ 642.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया! इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.03 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 568.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 42.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.14 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 6.5 करोड़ डॉलर की बढ़त हुई और यह बढ़कर 18.3 अरब डॉलर हो गया।

वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 12.9 करोड़ डॉलर कम होकर 4.7 अरब डॉलर पर आ गया।

# सेंसेक्स में 190 अंक की बढ़त

**मुंबई (भाषा)।**

अमेरिकी बाजारों में रिकॉर्ड तेजी और एलएंडटी, आईटीसी एवं मारुति सुजुकी जैसे प्रमुख शेयरों में मजबूती के बीच घरेलू शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व से इस साल दरों में तीन कटौती का संकेत मिलने के बाद शेयर बाजार में सकारात्मक माहौल है। शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद बाजारों ने शानदार सुधार दर्ज किया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 190.75 अंक यानी 0.26 प्रतिशत चाढ कर 72,831.94 अंक पर बंद हुआ।

एनएसई निफ्टी 84.80 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 22,096.75 अंक पर बंद हुआ। हालांकि आईटी और तकनीकी शेयरों में तेज गिरावट ने बढ़त को सीमित कर दिया।

सेंसेक्स के शेयरों में सन फार्मा, मारुति, इंडसइंड बैंक, टाइटन, आईटीसी, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो और जेएसडब्ल्यू स्टील में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी तरफ इन्फोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई आईटी सूचकांक में दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरकर बंद हुए जबकि जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला रुख था। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढत के साथ बंद हुए।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 1,826.97 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध रूप से बिकवाली की।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत गिरकर 85.59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।



■ अमेरिकी फेडरल रिजर्व से इस साल दरों में तीन कटौती का संकेत मिलने के बाद शेयर बाजार में सकारात्मक माहौल

■ निफ्टी भी 22096.75 अंक पर

# कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर ध्यान दें : नीति आयोग

**नई दिल्ली (भाषा)।** नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक टन कृषि फसल पैदा करने के लिए कई विकासशील देशों के मुकाबले 2-3 गुना अधिक पानी का उपयोग करता है।

उन्होंने कहा कि कई विकसित और विकासशील देशों ने कृषि क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन पर जोर दिया है।

धानुका एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा विश्व जल दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया। चंद ने कहा कि बढती जनसंख्या और आय वृद्धि के कारण भोजन और पानी की मांग बढ रही है। उन्होंने कहा कि चावल जैसी अधिक पानी की खपत वाली फसलों को प्राथमिकता देने के कारण भी पानी की मांग बढ रही है। धान का रकबा बढ़ा है।

नीति आयोग के सदस्य ने बताया कि बारिश नहीं होने पर रबी (सर्दियों में बोई जाने वाली) फसलों का कुल रकबा बढ गया है।

चंद ने बेहतर जल प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, 'भारत कई विकसित और विकासशील देशों की तुलना में एक टन फसल पैदा करने के लिए 2-3 गुना अधिक पानी का उपयोग करता है।'

उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों को स्थानीय पर्यावरण और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप खेती को बढावा देना चाहिए। केंद्रीय कृषि आयुक्त पी के सिंह ने कहा, 'जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से, हम सतही जल के अधिकतम उपयोग के तरीके तलाश रहे हैं।' धानुका समूह के चेयरमैन आर जी अग्रवाल ने कृषि कार्यों के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने की पुरजोर वकालत की।

# आरबीआई ने की घरेलू आर्थिक स्थिति की समीक्षा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की।



केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2024-25 के लिए बजट को भी मंजूरी दी।

आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 607वीं बैठक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में नागपुर में संपन्न हुई। आरबीआई ने कहा, ''निदेशक मंडल ने भू-राजनीतिक विकास और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की।''

इसके अलावा, निदेशक मंडल ने आरबीआई की गतिविधियों पर भी चर्चा की। इनमें चालू लेखा वर्ष 2023-24 के दौरान डिजिटल भुगतान, उपभोक्ता शिक्षा और जागरूकता में हुई प्रगति शामिल है।

बैठक में केंद्रीय निदेशक मंडल के निदेशक सतीश के मराठे, रेवती अय्यर, सचिन चतुर्वेदी, वेणु श्रीनिवासन और रवींद्र एच ढोलकिया शामिल हुए। बैठक में डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा, एम राजेश्वर राव, टी रबी शंकर और स्वामीनाथन जे के अलावा आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ और वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी ने भी हिस्सा लिया।

## अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक

**ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को मिलेगा बढ़ावा**

**नई दिल्ली (भाषा)।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि निजी निवेश में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि जनवरी, 2025 से ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया कि खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है। आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया, ''सार्वजनिक निवेश पर लगातार ध्यान देने से निजी निवेश में बढोतरी हो रही है।''राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है।

भारत ने लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से ऊपर की वृद्धि हासिल की है। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है।

समीक्षा में कहा गया, ''कुल मिलाकर, भारत को वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत सकारात्मक रहने की उम्मीद है।' इसमें कहा गया कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग निर्माण गतिविधियों के लिए अच्छा संकेत है।

# सरकार ने हिंदुस्तान जिंक की कंपनी विभाजित करने की योजना को किया खारिज

**नई दिल्ली (भाषा)।** खान मंत्रालय ने वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा कंपनी को विभिन्न इकाइयों में विभाजित करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार हिंदुस्तान जिंक में सबसे बड़ी अल्पसंख्यक शेयरधारक है। सरकार के पास कंपनी में 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है। खान सचिव वी एल कांता राव ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, ''हम प्रस्ताव से सहमत नहीं हुए।''

हिंदुस्तान जिंक ने पहले अपने बाजार पूंजीकरण को बढाने के लिए जस्ता और चांदी के कारोबार को अलग-अलग इकाइयों में विभाजित करने की योजना की घोषणा की थी। प्रस्ताव खारिज करने का कारण पूछने पर सचिव ने कहा, ''हमारे सामने जो भी बात रखी गई है उससे हम एक शेयरधारक के तौर पर आश्वस्त नहीं हैं।''

हिंदुस्तान जिंक ने पहले कहा था कि उसने कारोबार को विभाजित करने की अपनी योजनाओं का अध्ययन करने के लिए एक प्रमुख सलाहकार फर्म को नियुक्त किया है।

इससे पहले, हिंदुस्तान जिंक ने कहा था कि कंपनी के निदेशक मंडल ने 'संभावित मूल्य खोलने के लिए अपने कॉरपोरेट ढांचे की व्यापक समीक्षा' करने का निर्णय लिया है।

# बजाज ऑटो जून में पेश करेगी सीएनजी चालित बाइक

**पुणे (भाषा)।** घरेलू दोपहिया विनिर्माता बजाज ऑटो स्वच्छ ईंधन सीएनजी से चलने वाली मोटरसाइकिलों का पोर्टफोलियो तैयार करने में जुटी हुई है और वह इस साल जून में ऐसी पहली बाइक उतारने की योजना बना रही है।

बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक राजीव बजाज ने शुक्रवार को कहा कि स्वच्छ ईंधन से चलने वाली पहली बाइक जून में बाजार में आ जाएगी। उन्होंने कहा कि नई बाइक किफायती सफर को लेकर जागरूक ग्राहकों को लक्षित करेगी और एक अलग ब्रांड के तहत बाजार में उतारी जा सकती है।

हालांकि बजाज ने कहा कि इस बाइक के विनिर्माण की ऊंची लागत होने से इसकी कीमत पेट्रोल बाइक की तुलना में अधिक हो सकती है। बजाज ने यह भी कहा कि 20 साल पहले आई पल्सर बाइक की बिक्री के जल्द ही 20 लाख इकाई का आंकड़ा पार हो जाने की उम्मीद है।

उन्होंने अगले पांच साल में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के लिए बजाज समूह द्वारा 5,000 करोड़ रुपये खर्च करने की प्रतिबद्धता जताई। इससे भविष्य के दो करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ होगा और वे भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था द्वारा पेश किए गए रोजगार और उद्यमशीलता के अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।

# सोना 875 रुपये व चांदी 760 रुपये टूटी

**नई दिल्ली (भाषा)।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 875 रुपये की गिरावट के साथ 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 760 रुपये की गिरावट के साथ 76,990 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल था, जो पिछले बंद भाव से 875 रुपये की गिरावट दर्शाता है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,167 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 35 डॉलर की गिरावट है।ब्लिंकएक्स और जेएम फाइनेंशियल में शोध उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा) प्रणव मेर ने कहा, ''स्विस नेशनल बैंक द्वारा दरों में कटौती, उम्मीद से बेहतर पीएमआई और आवास डेटा के बाद मुनाफावसूली/दीर्घ परिसमापन और डॉलर सूचकांक में तेज उछाल के कारण सोने की कीमतें अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से लगभग दो प्रतिशत कम हो गई हैं।''

चांदी भी 24.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबार में यह 25.51 डॉलर प्रति औंस पर रही थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण उपाध्यक्ष जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''पिछले दो सत्रों में सोने की कीमतों में तकनीकी सुधार (गिरावट) हुआ है, जो डॉलर सूचकांक में बढोतरी और मार्च में मजबूत तेजी के बाद मुनाफावसूली से प्रभावित है। इसके बावजूद सोने के लिए समग्र दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है।''

## जोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल ने मैक्सिको की ग्रेसिया मुनोज से शादी की

*नई दिल्ली (भाषा)। ऑनलाइन ऑर्डर लेकर भोजन पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने मैक्सिको की मॉडल से उद्यमी बनीं ग्रेसिया मुनोज से शादी की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।*

*हाल ही में अपने मंच पर 'सिर्फ शाकाहारी' सेवा शुरू करने वाले गोयल की यह दूसरी शादी है। गोयल (41) की पहले कंचन जोशी से शादी हुई थी। दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में गोयल और जोशी एक ही विभाग में पढते थे। एक सूत्र ने कहा, 'ग्रेसिया भारत में लक्जरी उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्र में अपना स्टार्टअप चला रही हैं। वह पहले मॉडलिंग करती थीं। गोयल से उनकी शादी कुछ महीने पहले हुई है।''*

*ग्रेसिया के इंस्टाग्राम में उनके परिचय में लिखा है, 'मैक्सिको में जन्मीं और अब भारत में अपने घर में।'*

# ऋतुराज की कप्तानी में सीएसके की विजयी शुरुआत



## चेन्नई ने उद्घाटन मैच में बैंगलुरु को छह विकेट से हराया

**चेन्नई।** आईपीएल 2024 के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। सीएसके ने इस टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज किया है। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में यह पहला मैच था और उन्होंने कप्तानी की विजयी शुरुआत की है। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट खोकर 173 रन बनाए। इसके जवाब में ऋतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व वाली टीम ने आठ गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से यह मैच जीत लिया। आरसीबी द्वारा दिए गए 174 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई ने दमदार शुरूआत की। ऋतुराज गायकवाड और रचिन रवींद्र के बीच पहले विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी हुई जिसे यश दयाल ने तोड़ा। कप्तान इस मैच में 15 रन बनाने में कामयाब हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए अजिंक्य रहाणे उतरे। दूसरे विकेट के लिए रहाणे और रचिन रवींद्र के बीच 33 रन की पार्टनरशिप हुई। न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 15 गेंदों पर 37 रन बनाने में कामयाब हुए। टीम को तीसरा झटका रहाणे के रूप में लगा जो 27 रन बना सके। वहीं, चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए डेरिल मिचेल दो छक्कों की मदद से 22 रन बनाने में कामयाब हुए। चेन्नई को जीत दिलाने में शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा ने अहम भूमिका निभाई। दोनों के बीच 37 गेंदों में 66 रन की नाबाद साझेदारी हुई। इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे दुबे ने चार चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाए। वहीं, स्टार ऑलराउंडर ने 17 गेंदों में 25 रन बनाए।

## विराट कोहली टी20 में 12 हजार रन पूरे करने वाले पहले भारतीय

मैच में आरसीबी के विराट कोहली छह रन बनाते ही इतिहास रच दिया। वह टी20 क्रिकेट में 12 हजार रन पूरे करने वाले भारत के पहले बल्लेबाजी बन गए। वहीं, सबसे तेज 12 हजार पूरे करने के मामले में वह दूसरे स्थान पर रहे। वह क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। वह ऐसा करने वाले भारत के पहले और दुनिया के छठे बल्लेबाज बने। उनसे पहले गेल, पाकिस्तान के शोएब मलिक, वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड, इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स, ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ऐसा कर चुके हैं। वहीं, विराट ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए दूसरी सबसे कम पारियां ली हैं। उन्होंने 360 पारियों में ऐसा किया है। वहींए गेल इस मामले में नंबर एक हैं। गेल ने 345 पारियों में ही टी20 क्रिकेट में 12 हजार रन पूरे कर लिए थे।

## रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु ने बनाए 174 रन

युवा अनुज रावत 48 रन और दिनेश कार्तिकी नाबाद 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 174 रनों का लक्ष्य दिया है। यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी के लिए सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में मुस्तफिजुर ने दो विकेट झटकते हुए आरसीबी को बैकफुट पर ला दिया। डुप्लेसी 23 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुये। वहीं रजत पाटीदार बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। इसके बाद चाहर ने ग्लेन मैक्सवेल को शून्य पर निपटाकर आरसीबी को तीसरा झटका दिया। विराट कोहली ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान विराट ने टी-20 में अपने 12 हजार रन भी पूरे किये। विराट को भी मुस्तफिजुर ने रविंद्र के हाथों कैच आउट कराया। उन्होंने 20 गेंदों में एक छक्के की मदद से 21 रन बनाये।

## स्कोर बोर्ड

| आरसीबी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कै. रविंद्र बोल्ड मुस्तफिजुर | 21 | 20 | 0/1 |
| डुप्लेसी कै. रविंद्र बो. मुस्तफिजुर | 35 | 23 | 8/0 |
| रजत पाटीदार कै. धोनी बो. मुस्तफिजुर | 00 | 03 | 0/0 |
| मैक्सवेल कै. धोनी बो. चाहर | 00 | 01 | 0/0 |
| कैमरन ग्रीन बो. मुस्तफिजुर | 18 | 22 | 1/0 |
| अनुज रावत रनआउट (धोनी) | 48 | 25 | 4/3 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 38 | 26 | 3/2 |

**अतिरिक्त**: 13, **कुल**: 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन, **विकेट पतन**: 1-41, 2-41, 3-42, 4-77, 5-78, 6-173, **गेंदबाजी**: दीपक चाहर 4-0-37-1, तुषार देशपांडे 4-0-47-0, महीश थीक्षणा 4-0-36-0, मुस्तफुजिर रहमान 4-0-29-4, रवींद्र जडेजा 4-0-21-0,

| सीएसके | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋतुराज कै. ग्रीन बो. यश दयाल | 15 | 15 | 3/0 |
| रचिन रविंद्र कै. पाटीदार बो. कर्ण | 37 | 15 | 3/3 |
| रहाणे कै. मैक्सवेल बो. कैमरून ग्रीन | 27 | 19 | 0/2 |
| डैरिल मिचेल कै. पाटीदार बो. ग्रीन | 22 | 18 | 0/2 |
| शिवम दुबे नाबाद | 34 | 28 | 4/1 |
| रवींद्र जाडेजा नाबाद | 25 | 17 | 0/1 |

**अतिरिक्त**: 16, **कुल**: 18.4 ओवर में चार विकेट पर 176 रन, **विकेट पतन**: 1-38, 2-71, 3-99, 4-110, **गेंदबाजी**: मोहम्मद सिराज 4-0-38-0, यश दयाल 3-0-28-1, अल्जारी जोसेफ 3.4-0-38-0, कर्ण शर्मा 2-0-24-1, मयंक डागर 2-0-6-0, कैमरून ग्रीन 3-0-27-2, ग्लेन मैक्सवेल 1-0-7-0,

# वापसी कर रहे ऋषभ पंत पर रहेंगी नजरें



## पंजाब किंग व दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला आज दोप. 3.30 बजे से

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल 2024 का दूसरा मैच पंजाब के मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 3.30 बजे से खेला जाएगा। दिल्ली की तरफ से ऋषभ पंत कप्तान के रूप में वापसी कर रहे हैं और ऐसे में सभी की निगाहें उन पर रहेगी। मुल्लांपुर का महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम आईपीएल में अपने पहले मैच की मेजबानी करेगा। हालांकि आयोजन स्थल पर खेले जाने वाले मैचों में विकेट धीमा लगता है। यह देखते हुए कि यह एक दिन का खेल होगा इसके धीमा होने की उम्मीद है। टॉस जीतने वाली टीम को बैटिंग करने में कोई आपत्ति नहीं होगी। बल्लेबाजों को बाउंड्री लगाने की जरूरत होगी जबकि गेंदबाजों को अपनी लाइन और लेंथ में सटीक रहने की जरूरत है। शनिवार 23 मार्च को चंडीगढ़ में तेज धूप रहेगी। नमी का स्तर 35 प्रतिशत तक रहेगा और तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर हवा की गति 21 किमी घंटा के करीब होगी।

## घबराया हुआ हूं: पंत

**चंडीगढ़।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत करीब 15 महीने बाद शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन दिल्ली कैपिटल्स का यह कप्तान इससे पहले भावनाओं के गुबार से गुजर रहा है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं जिसके लिए वह उत्साहित भी हैं लेकिन थोड़ी घबराहट महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घबराया हुआ हूं, उत्साहित हूं, नर्वस हूं, ऐसा सब महसूस कर रहा हूं लेकिन साथ ही खुश भी हूं।

## केकेआर व सनराइजर्स की भिड़ंत शाम 7.30 से

इंडियन प्रीमियर लीग के तीसरे मैच में केकेआर का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से 23 मार्च को होगा। ये मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा। सनराइजर्स हैदराबाद अपने नए कप्तान पैट कमिंस के नेतृत्व में चुनौती पेश करेगी। उनके कंधों पर हैदराबाद को 2016 के बाद दूसरा खिताब जिताने की जिम्मेदारी होगी। इस बीच केकेआर और हैदराबाद का एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं। अब तक दोनों टीमों की भिड़ंत में केकेआर का पलड़ा भारी रहा है। मैच शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।

# धनंजय और कामिंदु के शतक



**सिलहट।** खालिद अहमद और नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने शुक्क्रवार पहले टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका को पहली पारी में 280 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट गंवाकर लड़खड़ा गई है।

बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और श्रीलंका ने जाकिर हसन 9 रन, कप्तान नजमुल शान्तो 5 रन और मोमिनुल हक 5 रन के विकेट झटक लिए है। दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने पहली पारी में 32 रन पर 3 विकेट गंवा दिए और वह श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्क्रमण के आगे लड़खड़ा गई है। महमुदुल हसन जॉय नाबाद 9 रन, तैजुल इस्लाम बिना खाता खोले क्रीज पर थे। श्रीलंका की ओर से विश्वा फर्नांडो ने दो विकेट लिए, वहीं कसुन रजिता ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने शुरुआती 5 विकेट 57 के स्कोर पर गंवा दिए। सलामी बल्लेबाजी निशान मदुश्का 2 रन, दिमुथ करुणारत्ने 17 रन, कुसल मेंडिस 16 को खालिद अहमद ने पवेलियन भेजा। उसके बाद एंजलो मैथ्यूज पांच रन बनाकर रनआउट हो गये।

दिनेश चांदीमल 9 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान धनंजय डीसिल्वा और कामिंडु मेंडिस ने श्रीलंकाई पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट लिए 202 रनों की साझेदारी की। दोनों ही बल्लेबाजों 102-102 रनों की शतकीय पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों को नाहिद राणा ने आउट किया। इसके बाद श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज पिच पर नहीं टिक सका। प्रभात जयसूर्या एक रनए विश्वा फर्नांडो 9 रन बनाकर आउट हुए। कसुन रजिता 6 रन पर नाबाद रहे। श्रीलंका की पूरी टीम 68 ओवर में 280 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश की ओर से खालिद अहमद और नाहिद राणा ने 3-3 विकेट लिए।

# ओलंपिक में शरत कमल होंगे भारत के ध्वजवाहक



## दल की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज मैरीकॉम

**नई दिल्ली।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन शरत कमल इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक होंगे। वहीं, दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को देश के दल का प्रमुख शेफडी मिशन नियुक्त किया। भारतीय ओलंपिक संघ आईओए ने यह घोषणा करते हुए कहा कि यह 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करते समय हमारे दल की एकता और भावना का प्रतीक है। छह बार की विश्व चैंपियन और 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम के साथ शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले शिवा केशवन को भारतीय दल का उप प्रमुख नियुक्त किया गया। आईओए ने कहा, मैरीकॉम का खेलों के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी यात्रा ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए स्वाभाविक पसंद बनाती है। केशवन के पास अपार अनुभव तथा टीम प्रबंधन के साथ काम करने का ज्ञान है।

### निशानेबाजी रेंज में भारतीय टीम का संचालन करेंगे गगन नारंग

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग निशानेबाजी रेंज में भारतीय टीम का संचालन करेंगे। ओलंपिक में निशानेबाजी रेंज मुख्य स्थल से काफी दूर है। भारत पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी में अपनी सबसे बड़ी टीम भेजेगा क्योंकि देश अभी तक 19 कोटा स्थान हासिल कर चुका है। आईओए ने बयान में कहा, ये नियुक्तियां अनुभव, विशेषज्ञता और नेतृत्व कौशल को देखकर की गई हैं जो वैश्विक मंच पर हमारे खिलाड़ियों की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# डब्ल्यूटीटी खिताब जीतने वाले साथियान पहले भारतीय बने

## दीया चितले-मानुष शाह बने मिश्रित युगल चैंपियन




**नई दिल्ली।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की। भारतीय टेबल टेनिस खिलाडी जी साथियान गणानाशेखरन ने हमवतन मानव ठक्कर को पुरुष एकल फाइनल में हराकर डब्ल्यूटीटी फीडर बेरुत प्रतिस्पर्धा अपने नाम की तथा दीया चितले और मानुष शाह ने मिश्रित युगल का खिताब जीता। लेबनान के बेरुत में अल कावथर सेकेंडरी स्कूल में खेले गये फाइनल में गणानाशेखरन ने ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया। दो बार के कॉमनवेल्थ गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फाइनल में जीत दर्ज की। गणानाशेखरन ने सेमीफाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के चुआंग चिह-युआन को 3-1 (11-8, 11-13, 11-8, 11-9) से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी। वहीं, मानव ठक्कर ने भी सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी एएन ज्रेयुन को सीधे गेम में 3-0 (11-9, 11-8, 12-10) से हराया था। मानुष और चितले ने सेमीफाइनल में भारत के पोयमंती बैस्या और आकाश पाल को हराया था। वहीं सेमीफाइनल मुकाबले में ठक्कर और कामथ ने तुर्की के इब्राहिम गुंडुज और सिबेल अल्तिकाया को हराया था।

## मानव व मानुष ने जॉर्ज और परेरा की जोड़ी को हराया

युगल फाइनल में, मानव ठक्कर और मानुष शाह की जोड़ी को विश्व नंबर 29 जॉर्ज कैंपोस और क्यूबा के एंडी परेरा के खिलाफ 3-1 (11-5, 7-11, 11-13, 12-14) से हार मिली। ठक्कर और शाह ने भारत के स्नेहित सुरवज्जुला और जीत चंद्रा (11-3, 13-11, 7-11, 11-9) को हराया था। डब्ल्यूटीटी फीडर बेरुत में मिश्रित युगल फाइनल में दीया चितले और मानुष शाह ने मानव ठक्कर और अर्चना कामथ को 3-1 (11-6, 10-12, 11-6, 11-6) से हराकर खिताब हासिल किया।

**स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन** पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन हार के साथ बाहर

# श्रीकांत और प्रियांश क्वार्टरफाइनल में

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को जापान की 17 साल की जूनियर विश्व चैंपियन तामोका मियाजाकी से यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन में हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा लक्ष्य सेन को ताइवान के ली चिया हाओ के हाथों प्री क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। किदांबी श्रीकांत, प्रियांश राजावत और किरन जॉर्ज ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में बाहर होने वालीं पीवी सिंधू को तामोका से 21-16, 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य को ली चिया हाओ ने प्री क्वार्टर में 21-17, 21-15 से हराया। प्री क्वार्टर में श्रीकांत ने शीर्ष वरीय मलयेशिया के ली जिया को 21-16, 21-15 से पराजित किया। राजावत ने चीन के ली ला शी को 21-14, 21-13 से हराया। हालांकि जॉर्ज के लिए मुकाबला आसान नहीं रहा। उन्हें 71 मिनट के मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत का मुकाबला क्वार्टर फाइनल में ली चिया हाओ जबकि राजावत का सामना ताइवान के चोऊ टिन चेन से होगा। किरन के सामने डेनमार्क के रेसमस जेमके होंगे।




## सिंधू ने किया संघर्ष, लेकिन मिली हार

चोट से उबरने के बाद लंबे समय बाद वापसी कर रहीं सिंधू को अपनी युवा प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ा लेकिन वह अपनी हार नहीं टाल सकीं। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वालीं मियाजाकी ने पिछले हफ्ते फ्रांस में ओरलैंस मास्टर्स का खिताब जीता था। जापानी खिलाड़ी ने पहला गेम गंवा दिया था लेकिन दूसरे गेम में वापसी कर ली। तीसरे और निर्णायक गेम में मियाजाकी के पास छह मैच प्वाइंट थे जिसमें सिंधू ने दो बचाए लेकिन शटल के नेट पर उलझते ही जापानी खिलाड़ी जीत गईं। इससे पहले बृहस्पतिवार को भारतीय महिला युगल त्रिशा जौली और गायत्री गोपीचंद ने हमवतन प्रिया और श्रुति मिश्रा को 21-10, 21-12 से हरा दिया था।

# मैरी गोम्स ने लगाई जीत की हैट्रिक



## वेलामल महिला मास्टर शतरंज

**चेन्नई।** वेलामल एआईसीएफ महिला ग्रांड मास्टर राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के सात राउंड के बाद भारत की तीन बार की राष्ट्रीय चैम्पियन महिला ग्रांड मास्टर मैरी एन गोम्स ने लगातार तीन जीत के साथ अपने कदम खिताब की ओर बढ़ा दिये हैं। मैरी नें छठे राउंड में टूर्नामेंट की टॉप सीड हमवतन वेलपुला सरायु को काले मोहरो से फ्रेंच ओपनिंग में 68 चालों तक चले मुकाबले में पराजित करते हुए टूर्नामेंट में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी और फिर सातवें राउंड में उन्होने हमवतन महालक्ष्मी एम को सफेद मोहरों से अपने प्यादो के शानदार एंडगेम के दम पर 51 चालों में पराजित करते हुए टूर्नामेंट में अपनी छठी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ मैरी अब सात राउंड के बाद 6.5 अंक बनाते हुए अपनी नजदीकी प्रतिद्वंदी से 2 अंक आगे चल रही है और फिलहाल अपनी रेटिंग में 19 अंको का इजाफा करने में सफल रही है। सातवें राउंड में मंगोलिया की एंखतुल अलतान नें हमवतन उर्तशेख उरीइनतुया को पराजित करते हुए अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की है, मैरी के बाद एंखतुल अपराजित रहने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं। सातवे राउंड के अन्य मुकाबलों में भारत की वेलपुला सरायु ने कोलंबिया की एंजेला फांकों को भारत की मोनिशा जीके ने हमवतन रिंधिया वी को और फ्रांस की नीनों मैसूरदजे ने भारत की साक्षी चित्लांगे को पराजित किया।

# नन्हे बच्चों के लिए अच्छा भोजन

## माता-पिता की जेब पर भारी पड़ रहा



**ब्रिस्बेन (द कन्वरसेशन)।** सबसे अच्छे समय में शिशुओं और छोटे बच्चों को खाना खिलाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हाल ही में प्रकाशित एक शोध में माता-पिता ने बताया कि आर्थिक तंगी होने पर वे बच्चों को खिलाने के लिए कितनी मेहनत करते हैं। उन्होंने बताया, कैसे बजट की गड़बड़ी और पारिवारिक जीवन की वास्तविकताओं ने रिश्तों को तनावपूर्ण बना दिया और उनके मानसिक बोझ को बढ़ा दिया। आस्ट्रेलिया में जीवनयापन की लागत के संकट में छह में से एक बच्चा गरीबी में रहता है। पहले से कहीं अधिक परिवार खाद्य बैंकों से मदद मांग रहे हैं। शोधकर्ताओं ने 29 ऑस्ट्रेलियाई माता-पिता का साक्षात्कार लिया जिनके कम से कम एक बच्चे की उम्र छह महीने से तीन साल के बीच थी। अधिकांश की आय गरीबी रेखा के आसपास या उससे नीचे थी।

**बढ़ता पारिवारिक तनाव :** परिवारों की वित्तीय स्थिति अनिश्चित थी, अधिक वित्तीय तनाव से निपटने के लिए बहुत कम संसाधन थे। एक अभिभावक ने बताया, हम अभी भी एक ही व्यक्ति की आय पर है। हम खाद्य बैंकों से ढेर सारी मुफ्त सब्जियां और न जाने क्या-क्या पाने का प्रयास करते है। हमने पहले भी पैसे उधार लिए है, लेकिन मुख्य बात यह सुनिश्चित करना है कि हमारे बच्चों का भोजन ठीक हो। पैसे के बारे में यह अनिश्चितता रिश्तों में तनाव और खाने की बर्बादी और खाने के बिल को लेकर तनाव में बदल जाती है।

**लेन-देन और त्याग करना :** माता-पिता परिवार का भरण-पोषण करने के लिए एक कठिन संतुलन बनाते है। वह बच्चों और साझेदारों की जरूरतों को पहले रखते है। वे अक्सर अपने त्याग को अपने सहयोगियों से छिपाते भी हैं। एक अभिभावक ने बताया, मेरा साथी उतना त्याग नहीं करता जितना मै करता हूं, लेकिन मै उसे इसका पता नहीं चलने देता। वह यह भी नहीं जानता कि ऐसे कई, कई, कई दिन होंगे जब मुझे भोजन के बिना रहना पड़ा। अदृश्य मानसिक भार पर्याप्त पैसा न होने के कारण सभी को खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन की व्यवस्था करने की सोच, योजना और भावनात्मक तनाव के कारण बोझ बढ़ जाता है।

**लचीलापन और रचनात्मकता :** माता-पिता ने अपने पास मौजूद भोजन का अधिकतम लाभ उठाने के लिए कई रणनीतियों का वर्णन किया। कठिनाइयों के बावजूद, माता-पिता ने भोजन और खाना पकाने में रचनात्मक होकर चुनौतियों को स्वीकार किया। माता-पिता ने भोजन के समय को परिवार के साथ जुड़ने और साझा करने के समय के रूप में महत्व दिया। माता-पिता ने अपनी स्थिति का अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश की।

**सामान्य सलाह :** बच्चों को कई बार भोजन देना और विविधता प्रदान करना, को अपनाने की आवश्यकता हो सकती है। विशेष खाद्य पदार्थों से विविधता प्राप्त की जा सकती है, और शुरुआत में थोड़ी मात्रा में नए खाद्य पदार्थ पेश करके भोजन की बर्बादी को कम किया जा सकता है। अच्छी गुणवत्ता वाला स्कूल भोजन उपलब्ध कराने से माता-पिता पर स्वस्थ लंचबॉक्स देने या कैंटीन के लिए पैसे देने का दबाव कम हो जाएगा। इससे बच्चों को घर पर उनकी स्थिति की परवाह किए बिना विभिन्न प्रकार के पौष्टिक खाद्य पदार्थों का आनंद लेने का मौका मिलेगा।






**परिवारों का समर्थन**
माता-पिता के साथ काम करने वाले स्वास्थ्य पेशेवरों को अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए कई संघर्षों को जानना होगा। यह केवल बजट बनाने या खाना पकाने का मामला नही है; माता-पिता पहले से ही ऐसा करते हैं। माता-पिता द्वारा अनुभव किए जाने वाले उच्च मानसिक भार को पहचानने की आवश्यकता है। कार्यक्रम और समर्थन सुलभ, संक्षिप्त और यथार्थवादी होना चाहिए।

## दिलजीत दोसांझ ने अमेरिकी रैपर सवेटी के साथ गाया 'खुट्टी'

**मुंबई (आईएएनएस)।** पंजाबी रैपर और एक्टर दिलजीत दोसांझ का नया गाना 'खुट्टी' सामने आया है, जिसमें उनके साथ अमेरिकी रैपर सवेटी नजर आ रही हैं। दिलजीत ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए कहा कि अमेरिकी रैपर अभी-अभी पंजाब आए हैं। दिलजीत ने इंस्टाग्राम पर म्यूजिक वीडियो की एक झलक शेयर की, जिसमें दोनों पीले और गुलाबी रंग में



नजर आ रहे हैं। गाने में सवेटी को रैप करते हुए देखा जा सकता है, वहीं 'लवर' हिटमेकर को पंजाबी में अपनी लाइनें बोलते हुए देखा जा सकता है। कैप्शन के लिए दिलजीत ने लिखा, खुट्टी अब आइस गर्ल सवेटी के साथ। दिलजीत करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन के साथ 'क्रू' में नजर आएंगे।

## डीजे मार्शमेलो के साथ काम करेंगे अरमान मलिक !

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के जानेमाने गायक-गीतकार और संगीतकार अरमान मलिक अमेरिकी संगीत निर्माता और डीजे, मार्शमेलो के साथ काम करते नजर आ सकते है। गायक-गीतकार अरमान मलिक ने हाल ही में मुंबई में अंग्रेजी गायक एड शीरन के साथ एक सरप्राइज एक्ट करके फैंस को खुश किया।पिछले कुछ वर्षों में, अरमान मलिक ने खुद को विश्व स्तर पर प्रशंसित संगीतकार और भारत में सबसे पसंदीदा कलाकारों में से एक के रूप में



प्रभावशाली रूप से स्थापित किया है। अरमान मलिक अब अमेरिकी संगीत निर्माता और डीजे, मार्शमेलो के साथ अपनी ऑनलाइन बातचीत के लिए सुर्खियाँ बटोर रहे है, और नेटिजन्स कलाकार के साथ एक और शानदार संगीत सहयोग की अटकलें लगा रहे है।यह सब तब शुरू हुआ जब मार्शमेलो ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने भारत दौरे की घोषणा करते हुए कहा, 'होली मनाने के लिए भारत जा रहा हूँ।

## छत्रपति शिवाजी का किरदार निभाएंगे शाहिद कपूर!

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर सिल्वर स्कीन पर छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। हाल ही में घोषणा की गयी थी कि पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म 'अश्वत्थामा द सागा कंटीन्यूज' में शाहिद कपूर 'अश्वत्थामा' का किरदार निभाते नजर आयेगे। इस बीच शाहिद कपूर की अगली फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ गया है। चर्चा है कि फिल्म ओह माय गॉड 2 (ओएमजी 2) के



निर्देशक अमित राय एक नई फिल्म बनाने की योजना कर रहे हैं, जिसमें शाहिद कपूर लीड रोल में दिखने वाले हैं। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरित होगी। इस फिल्म में शाहिद कपूर वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर सकते हैं। इससे पहले शाहिद कपूर फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में महाराजा रतन सिंह के किरदार में नजर आ चुके हैं।



## शाहरुख, दीपिका के साथ काम करना चाहती हैं अवंतिका वंदनापू

**मुंबई (आईएएनएस)।** 'मीन गर्ल्स' में अपनी भूमिका के लिए मशहूर भारतीय-अमेरिकी एक्ट्रेस अवंतिका वंदनापू भारतीय सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह शाहरुख खान की 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'वीर जारा' जैसी फिल्में देखकर बड़ी हुई हैं। हिंदी सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में नजर आने वाली अवंतिका ने कहा, एक बाल कलाकार के रूप में अपनी जड़ों से निकलकर भारत लौटना और अब बिग गर्ल्स डोंट क्राई जैसी हिंदी सीरीज में काम करना सपने सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, मैं बचपन से ही यश चोपड़ा की 'चांदनी', 'वीर जारा', 'डीडीएलजे', 'डर' जैसी फिल्में देख रही हूं और मुझे भारतीय सिनेमा से प्यार हो गया है। मेरे मन में बॉलीवुड में काम करने की इच्छा पैदा हुई। मुझे रंग, भावनाएं और खुशमिजाज भारतीय फिल्में पसंद हैं और मैं उनका हिस्सा बनने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। उन्होंने कई हॉलीवुड परियोजनाओं में काम कर अपनी पहचान बनाई, जिनमें 'मीन गर्ल्स', 'स्पिन' और 'सीनियर इयर्स' शामिल हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ काम करना पसंद करेंगी।



## होली पर रिलीज होगी भोजपुरी फिल्म 'हिंदुस्तानी'

**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता प्रदीप पांडे चिंटू की फिल्म 'हिंदुस्तानी' होली के अवसर पर बिहार, पंजाब और गुजरात में रिलीज होगी। वेब म्यूजिक और सांवरे फिल्म्स प्रस्तुत विजय यादव कृत फिल्म हिंदुस्तानी देश भक्ति से प्रेरित फिल्म है। फिल्म को लेकर प्रदीप पांडे चिंटू ने कहा कि हिंदुस्तानी एक सच्चे भारतीय की कहानी पर आधारित फिल्म है। यह फिल्म लोगों को अपने से जोड़ने का काम करेगी। इस फिल्म में मेरी भूमिका अहम है और मुझे लगता है कि दर्शकों को वह एक अलग फील देने वाली है। फिल्म हिंदुस्तानी का निर्देशन नीलमणि सिंह ने किया है, जबकि फिल्म की सह निर्माता श्रद्धा यादव है।

## 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर

**मुंबई,(वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी की फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर जी सिनेमा पर 24 मार्च को होगा। रानी मुखर्जी की लीड भूमिका वाली फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' का निर्देशन आशिमा छिब्बर ने किया है। इस फिल्म में जिम सर्भ, नीना गुप्ता, अनिर्बान भट्टाचार्य भी प्रमुख भूमिकाओं में है। यह फिल्म एक मां की सच्ची कहानी और अपने बच्चों को वापस पाने के उसके अटूट इरादों से प्रेरित है, जिन्हें नॉर्वेजियन अधिकारी जबर्दस्ती अपने साथ ले जाते है। इस फिल्म के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर पर रानी मुखर्जी ने कहा, मेरे लिए, मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह जज्बातों का सफर है जो एक मां के प्यार की ताकत दर्शाती है। इसका मकसद देबिका के किरदार के जरिए सागरिका की कहानी को सेल्युलाइड पर पेश करना और दर्शकों को उस दर्द का एहसास कराना है जो एक मां को अपने बच्चों से अलग होने पर सहना पड़ता है।



## 'वीर-जारा' के दौरान मुझे 'जोंबी' जैसा महसूस होने लगा थाः प्रीति जिंटा

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ अपनी 2004 की फिल्म 'वीर-जारा' के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें रिहर्सल के दौरान जोंबी जैसा महसूस हो रहा था। एक्ट्रेस ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें प्रीति जिंटा और शाहरुख खान को डांस रिहर्सल करते देखा जा सकता है। रिहर्सल के दौरान बैकग्राउंड में 'तेरे लिए' गाना बजते हुए सुना जा सकता है। कैप्शन के लिए अभिनेत्री ने लिखा, हम एक अवार्ड शो के लिए रिहर्सल कर रहे थे। मुझे याद है कि मुझे दो दिनों तक नींद नहीं आई थी और मैं एक जोंबी की तरह महसूस कर रही थी। मगर शाहरुख ने अपने सहज आकर्षण और चुटकुलों से दिन और रिहर्सल को शानदार बना दिया। इसके बाद प्रीति ने एक डांस स्टेप के बारे में बात की, जिसके बारे में उन्होंने बताया कि यह 1998 की फिल्म 'दिल से...' के गाने 'जिया जले' से लिया गया था। यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित 'वीर जारा' एक भारतीय पायलट के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक पाकिस्तानी लड़की से प्यार हो जाता है। फिल्म में रानी मुखजी भी हैं।



## कद्रदानों के अभाव में दम तोड़ रहा है फगुआ गीत

**प्रयागराज (वार्ता)।** भारतीय संस्कृति के परंपरागत सामूहिक उत्साह और उल्लास का प्रतीक 'फगुआ' गीत कलाकारों और कद्रदानों के अभाव में दम तोड़ रहा है। धार्मिकता के पुट लिये फगुआ के कर्ण प्रिय गीतों के दम तोड़ने के पीछे कोई एक कारण नहीं है। इसके पीछे आर्थिक तंगी, सामाजिक प्रोत्साहन, पाश्चात्य शैली, कलाकार, कद्रदान और लेखन का ह्रास जैसे तमाम कारणों ने इस पारंपरागत गीत की मिठास को प्रभावित किया है। नई पीढ़ी इस विधा को रूढ़िवादिता की संज्ञा देकर तिरस्कार कर रही है और पाश्चात्य शैली की चादर ओढ़कर अपनी संस्कृति और संस्कार से दूर होती जा रही है।

माघ मास की बसंत पंचमी से ही गांवों में होलिका स्थापित करने एवं फगुआ गीतों के गुनगनाने की परंपरा शुरू हो जाती थी। भारतीय संस्कृति के परंपरागत सामूहिक उत्साह और उल्लास के प्रतीक फगुआ



गीत को तकनीकी और सूचना क्रांति की ऐसी नजर लगी कि मिट्टी की सौंधी महक और प्रकृति के सौंदर्य और श्रृंगार वाले गीत कहीं खो गए। होली का त्योहार प्रेम की वह रसधारा है, जिसके रास्ते रास रंग के जरिये पूरा समाज सरोबार हो जाता था। कानों में ढोल, ताशा, मजीरा और डफली की वह गूंज धीरे-धीरे दूर होती जा रही है।

प्रयागराज के झूंसी निवासी फगुआ गवैया बुजुर्ग राम निहोर यादव ने बताया कि होली का फगुआ गीत सामाजिक नसीहत एवं प्राकृतिक वातावरण को समेटे मर्मस्पर्शी और झंकार पैदा करने वाले होते थे। गांव के युवा और बुजुर्ग एक स्थान पर बैठकर शाम को नसीहत एवं पुरातन गीतों को सुनते और सुनाते थे। महिलाएं, पुरूष एवं बच्चे जुटकर गीत का लुत्फ उठाते थे। लेकिन आज आधुनिक जीवन शैली और द्विअर्थी गीतों के शोर में सुमधुर स्वर वाले फगुआ गीत की परंपरा खत्म होती जा रही है। फागुन की मिठास लिए समय के साथ फगुआ गीत गाने वालों की कमी हो गयी है। पुराने गीतों की धर्मिकता भाव लिए पारंपरिक गीतों का स्थान अब आधुनिकता का पुट लिए भौड़े गीतों ने पारंपरिक गीतों का स्थान ले लिया है। श्री यादव ने बताया कि अब न फगुआ गाने वाले कलाकार रहे और नहीं उनके कद्रदान। जैसे जैसे पुरानी पीढ़ी खत्म होती जा रही है फगुआ गीत भी दम तोड़ रहा है। नए लोग इसे विधा को हीन भावना से देखते है, इसे सीखने का भी प्रयास नहीं करते है।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने छापा मारकर जांच के लिए संग्रहित किए खाद्य पदार्थों के 3 नमूनें



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी के आदेश पर प्रदेश में आगामी होली पर्व के अवसर पर जनपद में आम जनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डॉ0 दिनेश कुमार अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गाजीपुर एवं रमेश चन्द्र पाण्डेय सहायक आयुक्त (खाद्य)-ीी के निर्देशन में आर.पी.सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों के प्रवर्तन दल ने दिनांक 23 मार्च 2024 को सदर तहसील में छापा मारकर निरीक्षण करते हुए जॉच हेतु खाद्य पदार्थों के 3 नमूनें जॉच हेतु संग्रहित किये गये एवं 10 किलोग्राम रंगीन कचरी जिसका अनुमानित रू0 600/- सीज/जब्त किया गया, विवरण निम्नवत है जो आसमानी चक दीपचन्द का पोखरा गाजीपुर स्थित नन्द मिठाई वाला के प्रतिष्ठान छेना की मिठाई का 1 नमूना, मोहनपूरवा गाजीपुर स्थित जायसवाल जनरल स्टोर के प्रतिष्ठान से रंगीन कचरी का 1 नमूना एवं 10 किलोग्राम रंगीन कचरी जिसका अनुमानित रू0 600/- सीज/जब्त किया गया। रजदेपुर देहाती गाजीपुर स्थित लक्ष्मण राम एण्ड कम्पनी के प्रतिष्ठान से सफोला गोल्ड मल्टी सोर्स इडिबल आयल का 1 नमूना प्राप्त किया गया। संग्रहित नमूनें जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उ0प्र0, प्रेषित किये जा रहें है। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सचल दल में आर0पी0सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, गुलाबचन्द गुप्त, अवधेश कुमार, समला प्रसाद यादव, राजीव कुमार सिंह एवं विरेन्द्र यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण गाजीपुर सम्मिलित रहें। होली पर्व के अवसर पर अभियान जारी रहेगा।

## जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न निर्मित सड़को का किया स्थलीय निरीक्षण, खराब व जर्जर हुए सड़कों के मरम्मत का दिया निर्देश

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल निष्पक्ष निर्विध्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उदेश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने आज जनपद के विभिन्न निर्मित सड़को का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सड़को की खुदाई करवाकर गुणवत्ता व फीता से नापकर सड़को की लम्बाई व चौड़ाई की स्थिति की जानकारी ली। मौके पर अधीशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने जनपद तहसील सैदपुर अन्तर्गत वीरसिंह चौराहा से दक्षिण तरफ ईनामीपुर गॉव होते हुए 2 किमी तक। हंसराजपुर जयरामपुर पी डब्ल्यू डी मार्ग से खतीरपुर पिच रोड तक वाया जंगीपुर रजवाहा नहर की पटरी सम्पर्क मार्ग कुल 5 किमी। अलावलपुर बडेसर से सागर पर यादव बस्ती होकर राम दरश यादव के डेरा तक सम्पर्क मार्ग कुल 1.10 किमी मार्ग। मौजा कटसर ग्राम बंधई विकास खण्ड बाराचावर मे मुख्य मार्ग से मंन्दिर तक सम्पर्क मार्ग कुल 1 किमी का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने खराब व जर्जर हुए सड़को का मरम्मत कराने का निर्देश दिया।



## 2 गोवंश व टाटा मैजिक सहित 2 अभियुक्त चढ़े कासिमाबाद पुलिस के हत्थे



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभयान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के कुशल निर्देशन में शनिवार को वरिष्ठ उप निरीक्षक रवि प्रकाश मय हमराहियान के आगामी होली त्यौहार व लोकसभा चुनाव के आदेशों निदेशों के क्रम में रोकने जुर्म जरायम, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन में अन्दर थाना क्षेत्र मामूर थे कि जरिये मुखबिर की सूचना पर कुतुबपुर अण्डरपास के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे सर्विस से दो नफर गौ तस्करों क्रमशः मेरु खान पुत्र अमीन खॉं निवासी ग्राम खरुआँव चनवार थाना नगरा जनपद बलिया उम्र करीब 24 वर्ष तथा अभिषेक राजभर पुत्र दिनेश राजभर निवासी ग्राम खरुआँव चनवार थाना नागरा जनपद बलिया को टाटा मैजिक वाहन सं. यूपी 60एटी7556 के साथ गिरफ्तार किया। टाटा मैजिक वाहन की चेकिंग से दो अदद गोवंश 01 अदद गाय व 01 अदद बैल लदे पाये गये। अभियुक्तगण उपरोक्त से पूछे जाने पर बताये कि गोवंशों को गौतस्करी हेतु बिहार ले जा रहे है। जिन्हे कारण गिरफ्तारी बताते हुए शनिवार को समय 02.20 बजे हिरासत में लिया गया । अभियुक्तगण के विरुद्ध मु0अ0सं0 67/2024 धारा 3/5ए/5बी/8 गौहत्या निवारण अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक रवि प्रकाश थाना कासिमाबाद, हेड कांस्टेबल आविद अली थाना कासिमाबाद, कांस्टेबल अमित कुमार थाना कासिमाबाद, कांस्टेबल जितेन्द्र यादव थाना कासिमाबाद शामिल रहे।

## ईद की तैयारी को लेकर शाही ईदगाह में रंग रोगन, साफ सफाई का काम जोरों पर

जौनपुर। पूर्वांचल क्षेत्र में सबसे बड़ी ईदगाह में अपना स्थान रखने वाली जौनपुर शहर की ऐतिहासिक मछली शहर पड़ाव स्थित शाही ईदगाह में आगामी चंद्र दर्शन के बाद ईद की नमाज सुबह 9:00 बजे अदा की जाएगी उक्त बातें हजरत अल्हाज मौलाना हसनैन अहमद सिद्दीकी ने बताया है, उन्होंने आगे कहा कि हर मुसलमान जितने भी सदस्य उसके घर में हैं ,हर सदस्य के रूप में फितरे की रकम इस वक्त के हिसाब से 64 रुपए है ,जिसको ईद की नमाज से पहले पहले अदा करना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। रमजान का महीना अपनी रहमतों बरकतों के साथ बीत रहा है ,लोग अपनी अपनी इबादतों में लगे हुए हैं वहीं बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है, लोग जहां रमजान की खरीदारी कर रहे हैं वही धीरे-धीरे ईद की भी तैयारीओ में लगे हुए हैं। ईदगाह कमेटी के प्रवक्ता रियाजुल हक ने बताया कि ईद की तैयारी को लेकर शाही ईदगाह में रंग रोगन, साफ सफाई आदि का काम जोरों पर है। आगे बताया कि पवित्र माह में जकात फितरा जरूरतमंद लोगों को दिया जाए ताकि उनकी भी और उनके बच्चों की भी ईद अच्छे हो जाए। जकात हर मालदार इंसान को देना फर्ज है जो अपनी चल अचल संपत्ति का हिसाब लगाकर उसका 2.5% निकाल कर यानी ढ़ाई फीसद जरूरतमंद लोगों में बांट दिया जाना है।



## अवध पैरामेडिकल कालेज में विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस मनाया गया




प्रखर जौनपुर। जौनपुर जनपद के अवध पैरामेडिकल कालेज पंचहटिया परिसर मे विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस को रैली निकाल कर बच्चों ने मनाया गया। मुख्य अतिथि कें रूप मे कालेज के एमडी पूर्व सीएमओ डाक्टर रामअवध यादव ने शनिवार को माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित किये। उसके पश्चात सामूहिक रूप मे काटा गया। मुख्य अतिथि डाक्टर राम अवध यादव ने कहा कि ऑप्टोमेट्री को एक पेशे के रूप में मनाने के प्रतीक के रूप में हर साल 23 मार्च को विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर के ऑप्टोमेट्रिस्ट के लिए हमारी दृष्टि और नेत्र स्वास्थ्य की देखभाल करने का एक शानदार अवसर है। ऑप्टोमेट्रिस्ट विशेष रूप से कॉन्टैक्ट लेंस, कम दृष्टि मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी क्रम मे आगे कालेज के ऑप्टोमेट्री विभाग के विभागाध्यक्ष ऑपटम दिनेश सिंह ने कहा कि आजकल के युवा ऑप्टोमेट्री का कोर्स कर जानकरी प्राप्त कर क्षेत्र मे लोगो के आँखों मे होने वाली बीमारी ग्लूकोमा, मोतियाबिंद, दूर व नजदीक दृष्टि दोष कि जाँच कर अंधेपन होने से बचाने के साथ साथ आँखों कि जाँच कर चस्मा भी देने का काम करते है। कार्यक्रम के अंतिम समय मे बच्चों ने कालेज परिसर से विशेषरपुर चौराहा से चौकिया तक रैली निकाल कर लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया। कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो मे डाइरेक्टर अखिलेश सिंह, प्रिंसिपल आकाश मौर्या, वरुण गौड़, आशीष विश्वकर्मा, निखिल शाहू, विक्टर एडिसन रहे।

# बिना गुरु के भव पार जाना सम्भव नहीं : ओमप्रकाश गुप्ता

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। बिना गुरु के भव पार जाना सम्भव नहीं उक्त बाते ओमप्रकाश गुप्ता जयगुरुदेब धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के प्रचारक ने मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अवसर पर जौनपुर के कोइरीडीहा बाग मे सतसंग सुनते हुए कहा। उन्होने कहाकि 21 माह बाद गुरुमहराज जेल से आजही के दिन छूटे थे उसी वजह से 23मार्च को हम सतसंगी मुक्ति दिवस के रूप मे मनाया करते है। उस समय की वर्तमान सरकार ने नशबंदी का काला कानून लाया तो गुरूजी ने इसका बिरोध किया तो उन्हें जेल भेज दिया गया था। और उन्होंने कहा कि मनुष्य शरीर बड़े भाग्य से मिला है इसी शरीर मे रहकर भगवान का भजन कर के भव से पार जाया जा सकता है। हर मनुष्य को चाहिए कि किसी भी शब्द भेदी महात्मा से दिछा लेकर भजन करते हुए परमात्मा को प्राप्त कर इस जीवन को सफल कर लेना चाहिए।सतसंग ऐसा जल है कि जिसमे सभी बुराइयों की धुलाई होती है। उन्होंने मीरा,नानक,दादू, दरिया, भिखा, रहीम, कबीरदास की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जिसने भी इस रास्ते को अपनाकर अपने आप को न्योछावर कर दिया आज उनका नाम लिया जाता है।और उन्होंने कहा कि खान पान का बहुत बड़ा असर होता है क्योकि जैसा खाय अन्न वैसा हो मन इसलिए खानपान पर बिसेष ध्यान देते हुए शाकाहारी रहकर भगवान का भजन करना चाहिए। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष दलसिंगार, तहशील उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, श्यामबली बिन्द, कामता प्रजापति, रामपूजन मिश्रा, रामजीवन सिंह, रामचेत यादव, बीरेंद्र यादव, कालिदास यादव, शिवबचन, दिवाकर समेत तमाम सतसंगी महिला पुरुष मौजूद रहे।



## स्कूल में हुआ वार्षिक परीक्षाफल का वितरण, 96.28 प्रतिशत रहा परिणाम



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में वार्षिक परीक्षाफल परिणाम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर शिक्षा और संस्कार के संरक्षक सत्यदेव ग्रुप आफ कालेजेस के प्रबंध निर्देश डॉक्टर सानंद सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज धोतरी के निर्देशक प्रमोद सिंह, आर एस कन्वेंट स्कूल बाराचवर के प्रबंधक यशवंत सिंह, डॉक्टर राममनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर विजेंद्र सिंह तथा सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कीये। सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने परीक्षा परिणाम की रिपोर्ट संक्षिप्त में अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया उन्होंने बताया की विद्यालय का पूर्ण रूप से 96.28 प्रतिशत परिणाम रहा साथ ही उन्होंने बहुत ही अच्छे तरीके से परिणाम को परिणाम का विश्लेषण करने का तरीका बताया और उसे विश्लेषण से अगले सत्र का लक्ष्य रखने का एवं विद्यार्थियों का एकेडमिक कैरियर में दिनों दिन कैसे सुधार हो सकता है उसका तरीका भी बताएं। सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह ने सभी विशिष्ट अतिथि गणों का स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मान किया तथा उन्होंने अभिभावकों का आभार जताते हुए कहा कि जो अपने बेटे बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए जो सपना देखा है वह सपना अवश्य पूरा होगा उन्होंने कहा कि अगर सूरज बनना चाहते हो तो जलना तो पड़ेगा ही, फूलों का ख्वाब रखते हो तो कांटों पर चलना पड़ेगा ही। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी प्रबुद्ध शिक्षक गण को धन्यवाद देते हुए उससे और भी बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया ।तत्पश्चात अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट दिया गया। पूरे स्कूल में अधिकतम अंक पाने वाली क्लास 3(ए) की आराध्या राय 97% प्राप्त कर शीर्ष स्थान पर रही। हेड बॉय कंदर्प तिवारी, हेड गर्ल निखत जमाल तथा वाइस हेड गर्ल महिमा यादव को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवॉर्ड दिया गया, तथा पूरे वर्ष होने वाली इंटर हाउस प्रतियोगिता में जो बच्चे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये उन बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिसमें कर्मवीर हाउस शीर्ष पायदान हासिल करके हाउस विजेता रहा। इस कार्यक्रम में सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के व्यवस्था अधिकारी के रूप में मिलन दुबे सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के उप प्रधानाचार्य आवेश कुमार, शिवांगी सिंह, अक्षयवर उपाध्याय, प्रकाश सिंह, अवनीश राय, साक्षी सिंह, श्रेया सिंह, श्वेता सिंह , भोली त्रिपाठी, अंकिता निषाद , नीतिश शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा, आशीष प्रजापति, सुनील सिंह , जानकी गुप्ता ऋतंभरा श्रीवास्तव, विशेश्वर तिवारी, श्वेता पांडे, गुरुचरण चौधरी, अभिषेक यादव, निशा यादव, इंदुकला दूबे, हेगा, पिडो, कुशल सिंह , शुभम राय, अजय पाल आदि विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन शिवांगी सिंह एवं अक्षय उपाध्याय ने किया।

## लोकसभा चुनाओं के दृष्टिगत एसपी ने किया विभिन्न स्कूलों का स्थलीय निरीक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोकसभा चुनाव 24 को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद में आने वाली केंद्रीय बालों के रुकने के लिए पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा विभिन्न स्कूलों में जाकर स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा वहां मौजूद आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा एमजेआरपी एकेडमी तिवारीपुर थाना मोहम्मदाबाद, चांदनी पब्लिक स्कूल सूरतापुर थाना मोहम्मदाबाद, प्राथमिक विद्यालय पखनपुरा, ब्रॉडवे ग्लोबल स्कूल मलिकपुर एवम लठ्ठूडीह गांधीनगर स्थित स्कूल का निरीक्षण कर केंद्रीय बल के रुकने के लिए उपलब्ध सुविधाओं को देखा गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके बाद पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बने पखनपुरा पुलिस चेक पोस्ट का निरीक्षण/चेकिंग की गई तथा इस चेकपोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की सघन तलाशी तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए ड्यूटी पर मौजूद जवानों को निर्देशित किया। इसके बाद थाना करीमुद्दीनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय, मेस, बैरक इत्यादि का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।



## संक्षिप्त खबरें

### चोरी गए कागजात के सहारे जालसाज ने व्यापारी के धान को किया गायब

पिंडरा। चोरी किये गए ट्रक के कागजात के सहारे जालसाजों द्वारा दूसरे ट्रक में उक्त नम्बर प्लेट लगाकर माल की हेराफेरी करने का मामला प्रकाश में आने पर ट्रक मालिक ने पिंडरा से गुहार लगाई है। एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार को दिए शिकायती पत्र में फूलपुर निवासी व ट्रक मालिक सुरेश पटेल ने आरोप लगाया कि उसका ट्रक का कागजात चोरी एक माह पूर्व हो गया था। जिसकी रपट भी लिखाई। लेकिन इसी बीच बिहार के एक व्यापारी द्वारा उसके घर पर आकर जब ट्रक संख्या यूपी65जीटी 6197 के चोरी गए कागजात के सहारे उसी नम्बर व कागजात का प्रयोग कर किसी अन्य ट्रक में लगाकर माल लादकर माल गायब कर देने का आरोप लगाया तो ट्रक मालिक भौचक रह गया। यही नही, बिहार के धान व्यापारी ने जब ट्रक मालिक के घर पहुच कर शिकायत की थी तो इस तरह की घटना का पता चलने पर पुलिस से गुहार लगाई। पुलिस ने जांचकर न्याय का भरोसा दिलाया। वही ट्रक मालिक किसी बड़ी अनहोनी की घटना से परेशान है।

### शत-प्रतिशत मतदान करेंगे काशी का सम्मान करेंगे नारे के साथ वोटर छात्रों ने जागरुकता रैली निकली



प्रखर वाराणसी। विश्व जल दिवस के शुभ अवसर पर सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं गंगा हरितिमा अभियान के ब्रांड अंबेसेडर अनिल कुमार सिंह ने ब्रम्हा बेद विद्यालय के क्षात्रों के साथ स्वच्छ कराया था, जिसमें पक्षियां आने लगी थीं आस पास के स्नेही जन स्नान करने लगे थे,पूजा पाठ होने लगा था पुनः गंदा हो रहा है उसी तालाब पर एवं पिछले वर्ष स्वच्छ कराये गये तालाबों कुन्डो बरूना,असि नदी को स्वच्छ कराकर संरक्षित करने का संकल्प संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह द्वारा दिलाया गया और स्वच्छता की शुरूआत भी की गयी, जिसमें सी आरपीएफ के प्रवीण सिंह ने कहा हमारी टीम भी इस नेक कार्य में सृजन सामाजिक विकास न्यास का पूरा साथ देगी काशी के सम्मानित जनों ने भी स्वच्छता में सहयोग का संदेश दिया, इसमें ब्रम्हा वेद विद्यालय के प्रबन्धक श्री राम शरण दास ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा तथा क्षात्रों ने शत प्रतिशत मतदान करेंगे काशी का सम्मान करेंगे नारे के साथ वोटर जागरुकता रैली भी निकाली।

### 2 किलो नाजायज गांजा समेत अभियुक्त चढ़ा बरेसर पुलिस के फंदे में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के कुशल निर्देशन में शनिवार को सुबह करीब 05.15 बजे थाना बरेसर पुलिस द्वारा 02 किलो ग्राम नाजायज गांजा बरामदगी करते हुए एक नफर अभियुक्त अखिलेश यादव पुत्र बजरंगी यादव निवासी ग्राम बहेरी थाना खानपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष को अण्डर पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के पास अलावलपुर मार्ग पर सर्विस रोड बहद ग्राम मलिकपुरा थाना बरेसर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मनोज कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल अतुल कुमार यादव, कांस्टेबल उमर खान शमिल रहे।

### बहरियाबाद पुलिस ने 90 पाउच अवैध देशी शराब के साथ एक पुरुष व एक महिला को किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में अवैध शराब की विक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निर्देशन में शनिवार को थानाध्यक्ष बहरियाबाद मय हमराह मुखविर खास की सूचना पर प्यारेपुर चट्टी थाना बहरियाबाद के पास एक व्यक्ति को समय करीब 08.10 बजे एक पेटी देशी शराब (45 पाउच) के साथ पकडा गया, जिसने अपना नाम राजेन्द्र प्रसाद पुत्र शिवनाथ प्रसाद नि0ग्राम नियामताबाद थाना अलीनगर जनपद चन्दौली बताया कि आगामी होली त्योहार व लोकसभा चुनाव में शराब विहार ले जाकर अच्छे दामो में विक्री करके मुनाफा कमाता हूं। थाना स्थानीय की दुसरी पुलिस टीम महिला कर्मचारी नीतू यादव अन्य पुलिस बल द्वारा मिजार्पुर चट्टी के पास एक महिला जिसे एक पेटी देशी शराब (45 पाउच) की अबैध रूप से विक्री करते समय करीब 08.45 बजे गिरफ्तार किया गया जिसने अपना नाम उमा देवी पत्नी रामकरन निवासी ग्राम मिजार्पुर थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर बताया कि घर का खर्चा चलाने के लिए सुबह देशी शराब विक्री कर-के अपना जीवन निर्वहन करती हूं । गिरफ्तार अभियुक्त तथा गिरफ्तार अभियुक्ता के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 26/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर तथा मु0अ0सं0 27/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार निषाद थाना बहरियाबाद, उप निरीक्षक अविनाश मणि तिवारी थाना बहरियाबाद, उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र द्विबेदी थाना बहरियाबाद, महिला कांस्टेबल नीतू यादव थाना बहरियाबाद, कांस्टेबल अवनीश पटेल थाना बहरियाबाद, कांस्टेबल प्रशान्त पाण्डेय थाना बहरियाबाद, आदर्श यादव शामिल रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं